आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 143 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, बुधवार, 28 मई, 2025

# 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी

## बनाने में निजी कंपनियां मदद करेंगी; 7 हजार kg विस्फोटक लेकर उड़ेगा, रडार नहीं पकड़ सकेंगे

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयरक्राफ्ट को बनाने के लिए सरकारी के साथ निजी कंपनियों को भी बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) जल्द ही इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EoI) जारी करेगा।

एयरक्राफ्ट बनाने में निजी कंपनियों को मौका देने की घोषणा से डिफेंस और इससे जुड़े सेक्टर्स की कंपनियों के शेयर्स में करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स भी 52 सप्ताह के नए हाई 8,674.05 पर पहुंच गया।

### AMCA प्रोजेक्ट को 2024 में मंजूरी मिली

अप्रैल, 2024 में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (CCS) ने 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। यह फाइटर जेट 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' (Advanced Medium Combat Aircraft - AMCA) है। ADA इस प्रोग्राम के एग्जीक्यूशन और एयरक्राफ्ट डिजाइन करने के लिए नोडल एजेंसी है। ADA रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के तहत आता है। यह भारतीय वायुसेना के अन्य लड़ाकू विमानों से बेहतर होगा। दुश्मन के रडार से बचने के लिए हाईटेक स्टेल्थ टेक्नोलॉजी से लैस होगा। इंटरनेशनल लेवल पर इस्तेमाल हो रहे 5वीं पीढ़ी के अन्य स्टेल्थ लड़ाकू विमानों के जैसा या उससे भी बेहतर होगा।



### AMCA स्वदेशी तकनीक से बनने वाला दूसरा फाइटर जेट

एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी AMCA देश में ही विकसित होने वाला दूसरा फाइटर एयरक्राफ्ट होगा। इससे पहले भारत में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस और उसके एडवांस्ड वर्जन तेजस मार्क-1 को तैयार किया जा चुका है। इसके और भी उन्नत संस्करण मार्क-1-ए पर काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक AMCA 2035 तक एयरफोर्स और नेवी में तैनाती के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

### भारतीय वायुसेना देश में बने तेजस जेट इस्तेमाल कर रही

30 जुलाई को एयर फोर्स ने जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस पर हल्के लड़ाकू विमान तेजस MK-1 को तैनात किया। सेना का कहना है कि पायलट्स घाटी में उड़ान की प्रैक्टिस कर सकें, इसलिए ऐसा किया गया। कश्मीर, पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान के लिहाज से संवेदनशील है। तेजस MK-1 मल्टीरोल हल्का लड़ाकू विमान है, जो वायुसेना को कश्मीर के जंगल और पहाड़ी इलाकों में और मजबूत करेगा।

### 4 खूबियों की वजह से कुछ अलग है तेजस

इस विमान के 50% कलपुर्जे यानी मशीनरी भारत में ही तैयार हुई है। इसमें इजराइल के EL/M-2052 रडार को लगाया गया है। इससे यह एक साथ 10 लक्ष्यों को ट्रैक कर उन पर निशाना साधने में सक्षम है। बेहद कम जगह यानी 460 मीटर के रनवे पर टेकऑफ करने की क्षमता है। यह फाइटर जेट सुखोई, राफेल, मिराज और मिग से हल्का है। इसका वजन 6500 किलो है।

# शारदा सिन्हा को मरणोपरांत मिला पद्म विभूषण, साध्वी ऋतंभरा को पद्मभूषण

## पूर्व CJI खेहर और 68 अन्य पद्म पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-II में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। जिसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर, नृत्यांगना शोभना चंद्रकुमार, अभिनेता अनंत नाग और प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति सोनिया नित्यानंद समेत 68 प्रतिष्ठित हस्तियों को मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान मिला। कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबरॉय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबरॉय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है। डॉ. शोभना चंद्रकुमार को कला-लोक नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान मिला।



### ये सभी पद्म श्री पुरस्कार से किए गए सम्मानित

पद्म श्री पाने वालों में प्रमुख इम्यूनोलॉजिस्ट और केजीएमयू के कुलपति नित्यानंद, फुटबॉलर इनिवलप्पिल मणि विजयन, गायिका अश्विनी भिडे देशपांडे, अभिनेता अशोक लक्ष्मण सराफ, मुखौटा निर्माता रेबा कांता महंत और संगीतकार रिकी ज्ञान केज शामिल थे। प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार और अभिनय प्रशिक्षक बैरी जॉन, लोक संगीतकार और प्रसिद्ध पराई वादक वेलु आसन, व्यवसायी सज्जन भजनका, डॉ. नीरजा भटला, वैज्ञानिक अजय वी भट्ट, लेखक संत राम देसवाल, आध्यात्मिक नेता आचार्य जोनास मेजेट्टी और फारूक अहमद मीर अन्य पद्म श्री पुरस्कार विजेताओं में शामिल थे। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है; पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है।

### पीएम मोदी, अमित शाह समेत अन्य रहे मौजूद

राष्ट्रपति ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य की मौजूदगी में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में 68 चुने हुए लोगों को पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने समारोह के दौरान नौ पद्म भूषण, तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी प्रसिद्ध हस्तियों को प्रदान किया, जिनमें नृत्यांगना और अभिनेता शोभना चंद्रकुमार, व्यवसायी नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी, पुरातत्वविद् कैलाश नाथ दीक्षित, नर्तक जतिन गोस्वामी, अभिनेता अनंत नाग और साध्वी ऋतंभरा शामिल थीं। अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी को यह सम्मान देबरॉय की पत्नी और जोशी के बेटे ने ग्रहण किया।

### इस वर्ष 30 गुमनाम नायकों को मिला पद्म पुरस्कार

2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई है, तब से उसने पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करके "गुमनाम नायकों" को सम्मानित करना शुरु कर दिया, इस प्रकार पद्म पुरस्कारों को "लोगों के पद्म" में बदल दिया है। इस वर्ष, 30 'गुमनाम नायकों' को पद्म पुरस्कार दिए। भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में पहचाने जाने योग्य हैं और जो समाज के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है घोषणा

पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

### 2025 में कुल 139 लोगों को पद्म पुरस्कार

बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं।

# PM बोले- ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया : ताकि कोई सबूत न मांगे

## पाकिस्तान ने आतंकियों के जनाजे में अपने झंडे लहराए

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे।'

ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद PoK में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।'

PM मोदी 2 दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

**सरदार पटेल की बात मानी होती तो देश में आतंकी हमले न होते:** 'आतंकवादियों ने जब PoK पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता, लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई, लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था।'



**मेरे पहले कार्यकाल से अब तक हम कोरोना से लड़े, पड़ोसियों से भी लड़े:** 'कल 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंच गए।'

**तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा:** जब हम इकोनॉमी में छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था, क्योंकि हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है।

# ओवैसी ने PAK आर्मी चीफ को जोकर बताया

## नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं

**कुवैत।** AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है।' पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। ओवैसी बोले- पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा, 'अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है।

## मंत्रालयीन कर्मचारी परिवार ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान, तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए

# कर्मचारियों के हित में है प्रदेश और राष्ट्र का हित : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंगलवार को मंत्रालय परिसर में मंत्रालय कर्मचारी परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। मंत्रालय परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कमल पुष्प की रजत प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी राज्यकर्मी सम्मान और साधुवाद के पात्र हैं, क्योंकि इनकी कर्मठता और सामूहिक परिश्रम से ही मध्यप्रदेश आज देश के अग्रणी राज्य के रूप में पहचाना जा रहा है। राज्यकर्मी सच्चे अर्थों में कर्म योगी है। ये प्रदेश की शासन और प्रशासन व्यवस्था की धुरी हैं। राज्यकर्मी पूरी निष्ठा और मेहनत से अपने पदीय दायित्व निभाएं, इनके सभी हितों और अनुलाभों (इंसेंटिव्स) का सरकार पूरा-पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी रिक्त पदों को क्रमशः भरने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जल्दी ही सभी रिक्त पद भरे जाएंगे। पदोन्नति वाले मसले पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस मामले से जुड़े दोनों पक्षों के साथ चर्चा कर शासकीय सेवकों को पदोन्नति देने के लिए राज्य सरकार पूरी गंभीरता से सभी जरूरी कदम उठा रही है। जल्द ही मामले का सकारात्मक समाधान निकालकर पात्रों को पदोन्नति दी जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी राज्य कर्मचारियों का बीमा कराने की मंशा से आगे बढ़ रही है। सरकार की मंशा है कि सभी राज्य कर्मियों के खुद के मकान भी हों। राज्य कर्मियों को अपने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में सरकार मदद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कर्मचारी-अधिकारी की क्षमता और योग्यता का पूरा लाभ लेंगे और प्रदेश की बेहतरी के लिए उसका सदुपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यकर्मी शासन व्यवस्था का अभिन्न अंग है इसलिए इनके हित संवर्धन के लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में प्रदेश का हित है और प्रदेश के हित में ही राष्ट्र का हित है।

कार्यक्रम के संयोजक श्री सुभाष वर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन देकर केन्द्र सरकार के समान राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता व अन्य सभी कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार जताया और अपना मांग पत्र भी सौंपा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्रालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय परिवार द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया और यात्रा को उसके गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात के दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोको निर्माण केंद्र का किया गया लोकार्पण

# माल परिवहन के क्षेत्र में रेलवे के एक नए युग की हुई शुरुआत

एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय रेल ने मालवाहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 मई, 2025 को गुजरात के दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोको निर्माण केंद्र का लोकार्पण किया जाना इस परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा कदम जो तेज गति, माल वाहन में वृद्धि और सतत विकास को गति देने की प्रतिबद्धता से परिपूर्ण होगा। इस अत्याधुनिक सुविधा में 9,000 हॉर्सपावर क्षमता वाले 1,200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मालवाहक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। इससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड को बढ़ावा मिलेगा।

**लोकार्पण**

ये इंजन 4,500 से 5,000 टन तक के भारी माल को तीव्र चढ़ाई पर भी आसानी से ले जाने में सक्षम हैं। जिससे भारी मालवाहन परिवहन में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित ये इंजन अत्याधुनिक IGBT-आधारित प्रणोदन तकनीक से सुसज्जित हैं, जो ऊर्जा दक्षता और संचालन प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। ये विशेषताएं भारतीय रेल को आधुनिक, विश्वसनीय और पर्यावरण अनुकूल मालवाहक लॉजिस्टिक्स के अग्रणी पथ पर ले जाती हैं।

9000 हॉर्सपावर की यह लोकोमोटिव भारतीय रेल द्वारा विकसित सबसे शक्तिशाली एकल-इकाई इलेक्ट्रिक इंजन है। अब तक मालवाहक इंजन आमतौर पर 4500 या 6000 हॉर्सपावर की क्षमता वाले चलते थे। जबकि 12,000 हॉर्सपावर के इंजन भी हैं, वे दो 6000 हॉर्सपावर इकाइयों को जोड़कर बनाए जाते हैं। इसके विपरीत, दाहोद में निर्मित यह इंजन एकीकृत उच्च-शक्ति समाधान प्रदान करता है, जो लंबे और भारी माल गाड़ियों को आसानी से खींच सकता है। इस बढ़ी हुई क्षमता का अर्थ है कम ट्रिप्स में अधिक माल परिवहन। जिससे समय की बचत, भीड़भाड़ में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक्स दक्षता सुनिश्चित होती है। इससे रेल यातायात अनुकूलित होगा। जिससे व्यस्त मार्गों पर दबाव घटेगा। साथ ही, मानव संसाधन और ऊर्जा खपत में कमी आएगी। ये सभी लाभ उद्योगों के लिए लॉजिस्टिक्स लागत को घटाकर मूल्य प्रतिस्पर्धा और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाएंगे।



एक समय ऐसा भी था जब रेलवे कार्यों का प्रमुख केंद्र रहे दाहोद में गतिविधियां घट गई थीं। 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने इसे रेलवे निर्माण के एक नए केंद्र के रूप में पुनः स्थापित करने का दृष्टिकोण रखा। आज यह दृष्टिकोण साकार हो रहा है। लोको निर्माण केंद्र भारतीय रेल के लिए ब्रॉड गेज और निर्यात के लिए स्टैंडर्ड गेज दोनों प्रकार के इंजन बनाने में सक्षम है। यह दोहरी क्षमता भारत को वैश्विक रेल निर्माण बाजार में मजबूत स्थिति प्रदान करती है। इस परियोजना में 89% पुर्जे भारत में बनाए गए हैं, जिससे यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर वर्ल्ड' दोनों अभियानों के अनुरूप है। 9000 हॉर्सपावर इंजन की



खासियत इसकी सततता में निहित है। इसका निर्माण हरित ऊर्जा से संचालित फैक्ट्री में होता है, जिसे ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग टैग मिला है। इसके अलावा, इसमें पुनर्योज्य ब्रेकिंग तकनीक भी है, जो ब्रेक लगने पर ऊर्जा को ग्रिड में वापस भेजती है। जिससे कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। ये विशेषताएं भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं को सशक्त करती हैं।

इस इंजन में 'कवच' प्रणाली (भारत की स्वदेशी टक्कर-रोधी प्रणाली), वातानुकूलित ड्राइवर केबिन, कम शोर और कंपन जैसी विशेषताएं हैं, जो सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करती हैं। इंजन के सभी ओर लगे कैमरे निगरानी और सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। इसके शौचालय में इलेक्ट्रॉनिक लॉक होते हैं जो केवल इंजन के स्थिर रहने पर खुलते हैं। जिससे संचालन अनुशासन सुनिश्चित होता है। दाहोद सुविधा की एक प्रमुख विशेषता कौशल विकास पर ज़ोर है। एक वर्चुअल डिजिटल मॉडल विकसित किया गया है, जो मैकेनिकों और ड्राइवरों को प्रशिक्षण देने में सहायता करता है। इस परियोजना से जुड़े अवसंरचना विकास के तहत 85% नौकरियां स्थानीय युवाओं को मिली हैं। कार्यबल की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाए गए हैं। यह लोको निर्माण केंद्र न केवल रोजगार सृजित कर रहा है, बल्कि दाहोद क्षेत्र में उद्योगों और आधारभूत संरचना के विकास को भी गति दे रहा है।

9000 हॉर्सपावर इंजन मालवाहन परिवहन की एक नई प्रणाली का केंद्र बनने जा रहा है। इसकी शक्ति, दक्षता और डिजाइन भारतीय रेल को अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक टिकाऊ और भविष्य की आवश्यकताओं के लिए बेहतर सुसज्जित बनाएंगे। तकनीक, क्षेत्रीय विकास और वैश्विक दृष्टिकोण के संयोजन से दाहोद में बना यह इंजन न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी मालवाहन परिवहन की दिशा को नया आयाम देगा।

## शॉर्ट न्यूज

### टाटा एआईए ने वित्त वर्ष 25 के लिए 1,842 करोड़ का बोनस घोषित किया

**मुंबई।** भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपनी सहभागी योजनाओं में 1,842 करोड़ के रिकॉर्ड बोनस भुगतान की घोषणा की है। 8.15 लाख से अधिक पॉलिसियों को इसका लाभ मिलेगा। इस वर्ष का भुगतान पिछले वर्ष के 1,465 करोड़ के बोनस से 26% अधिक है, यह कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक बोनस है। अन्य सहभागी योजनाओं के अलावा, डायमंड सेविंग्स प्लान, स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान, वैल्यू इनकम प्लान और शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान जैसी प्रमुख सहभागी योजनाओं के लिए बोनस घोषित किया गया है। सहभागी बीमा योजनाओं को 'पार' योजनाएं भी कहा जाता है, यह वो जीवन बीमा पॉलिसियां हैं जो बोनस या लाभांश के रूप में पॉलिसीधारकों के साथ लाभ साझा करती हैं। ये बोनस गारंटीड नहीं होते हैं, लेकिन आम तौर पर इन्हें सालाना घोषित किया जाता है, जो बीमाकर्ता के सहभागी (या लाभ के साथ) फंड के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। यह घोषणा टाटा एआईए की अपने उपभोक्ताओं के साथ साझेदारी करने और उन्हें उनके सपने पूरे करने में सक्षम बनाने की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। टाटा एआईए के एक्ज़िक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और अपॉइंटेड एक्चुअरी श्री क्षितिज शर्मा ने कहा, 'हम अपने सहभागी पॉलिसीधारकों के लिए एक और साल में असाधारण बोनस भुगतान की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं।

### ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड FY25 में बिझनेस ओपरेशन्स को सफलतापूर्वक बदल दिया

**नई दिल्ली।** भारत में नेचरल स्टोन के अग्रणी प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्रिमैक्स लिमिटेड (बीएसई – 532817, एनएसई – ओरिएंटलटीएल) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 25 में वित्तीय परिणामों के साथ अपने व्यावसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदल दिया है। कंपनीने पिछले साल के चौथे तिमाही के ६.४३ करोड रुपये के नुकसान की तुलना मे ५.९७ करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल की अवधि २०२५ के चौथे तिमाही के दौरान संचालन से २०२४ के चौथे तिमाही में ३.०१ करोड़ रुपये राजस्व की तुलना में, ४५३% की एक साल-प्रतीवर्ष की वृद्धि को चिह्नित करते हुए, चार गुना १६.६६ करोड रुपये से अधिक हो गया। ओडिशा स्टील एन्ड मेन्युफेक्चरिंग डिपार्टमेन्ट के द्वारा कंपनी को ब्लेक ग्रेनाईट माईनिंग के लीए 30 साल की लीझ मील गई है। उसके कारण ओरिएन्टल ट्राईमेक्स सालाना तौर पर ईस माईनिंग साईट्स से रू. 10 करोड से रू. 15 करोड तक रेवन्यु कंन्ट्रीब्युशन की आशा है, जो कंपनी की विकास की यात्रा में योगदान देगी। इसके ओपरेशन्स भी आगामी समय से शुरू होने वाले है, उसके साथ साथ यह प्रोजेक्ट संसाधन स्वामित्व, लागत दक्षता और माईनिंग से वितरण तक पूर्ण-स्पेक्ट्रम मूल्य श्रृंखला एकीकरण को बेहतर बनाने में योगदान देगी।

## मीना ताई के नाम पर 'बुंदेलखंड विश्वकोश' पुस्तकालय का लोकार्पण

### संस्कृति-स्मृति के पुनर्पाठ की पहल

संवाददाता ● सागर

बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोने हेतु स्थापित 'बुंदेलखंड विश्वकोश' कार्यालय एवं पुस्तकालय का लोकार्पण आल्हा जयंती के अवसर पर सागर के सिविल लाइन स्थित तीसरी मंज़िल, वृंदावन बाग मठ परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वकोश की संरक्षक मीना ताई के नाम पर पुस्तकालय समर्पित किया गया, जिसे उनकी जीवन-साधना को सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता बानखेड़े ने कहा, "यह विश्वकोश आत्म-गौरव का प्रतीक है। मैं इसके सतत विकास में हरसंभव सहयोग दूंगी।" वृंदावन बाग मठ के महंत श्री 108 नरहरिदास जी ने संस्था को स्थायी कार्यालय हेतु मठ की ओर से भविष्य में भूमि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, "बुंदेलखंड की संस्कृति और स्मृति को संरक्षित करना हमारे मठ का कर्तव्य है।"

**लोकार्पण**

मीना ताई ने भावुक होकर कहा, "चार वर्ष पहले सरोज गुप्ता ने इस विश्वकोश का सपना साझा किया था, आज उसे मूर्त रूप में देखना संतोषजनक है। मैं चाहती हूँ कि अगले वर्ष तक 40 खंड प्रकाशित हों।" अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "मैं स्वयं बुंदेलखंड का बेटा हूँ, और चाहता हूँ कि हमारी



संस्कृति वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित हो।" कार्यक्रम में 'मनस्वी बुद्धिप्रकाश सरावगी', 'डायरी के पन्नों से' और 'प्रकृति प्रदत्त आहार ही जीवन' पुस्तकों का विमोचन किया गया। बुंदेलखंड विश्वकोश के सचिव सचिन चतुर्वेदी ने कहा, "यह कार्यालय केवल संचालन केंद्र नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के विचार और शोध आंदोलन की जन्मभूमि है।" पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, आचार्य प्रभु दयाल मिश्रा, डा. राजेश शुक्ला, सुरेंद्र सिन्हा, डॉ. हरिमोहन गुप्ता, प्रो. जी.एल. दुबे समेत अनेक गणमान्य अतिथि और सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। लोक कलाकार रजनी दुबे और उनके दल ने मनोहारी बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी। मंच संचालन डा. सरोज गुप्ता और आशीष द्विवेदी ने किया। आयोजन केवल कार्यालय लोकार्पण नहीं, बल्कि इस घोषणा का प्रतीक बना कि अब बुंदेलखंड अपनी संस्कृति, इतिहास और अस्मिता को अपने शब्दों में, अपनी भाषा में और अपनी ज़मीन से विश्व मंच पर प्रस्तुत करेगा।

## रेलकर्मी की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

### चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास में गिरते यात्री को बचाया

**भोपाल।** मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण दिनांक 26 मई 2025 को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला, जब एक सतर्क रेलकर्मी की तत्परता से एक यात्री की जान बचाई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि दिनांक 26.05.2025 की रात लगभग 22:40 बजे जब गाड़ी संख्या 12155 भोपाल एक्सप्रेस रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 से रवाना हो रही थी, तभी एक यात्री—कपिल लीलानी, निवासी विदिशा (उम्र 45 वर्ष)—चलती ट्रेन के पीछे दौड़ते हुए उसे पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। ट्रेन के अंतिम छोर पर पहुँचते ही जैसे ही उन्होंने डिब्बे के हैंडल को पकड़ने का प्रयास किया, उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात ट्रेन मैनेजर वैभव भारतीय ने अत्यंत सतर्कता का परिचय देते हुए तुरंत प्रतिक्रिया दी और बिना समय गंवाए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका, जिससे यात्री एक गंभीर दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। इसके बाद उन्होंने यात्री को ब्रेक वैन में लाकर न केवल उनकी स्थिति की जानकारी ली, बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी सुनिश्चित की।

## पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग ने शानदार राइडर लाइन-अप

### अपग्रेडेड रेस मशीनों के साथ 17वें आईएनएससी के लिए कसी कमर

एजेंसी ● बैंगलोर

पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग का 1982 से समृद्ध रेसिंग इतिहास रहा है और यह 23-24 मई, 2025 को वड़ोदरा में शुरू होने वाले एफएमएससीआई इंडियन नेशनल सुपरक्रॉस चैंपियनशिप (आईएनएससी) के 2025 सीज़न में एक बार फिर ट्रैक पर धूम मचाने के लिए तैयार है। 2024 के एक प्रभावशाली सीज़न के बाद जिसने भारतीय दोपहिया रेसिंग में अपने नेतृत्व की पुष्टि की, भारत की पहली फैक्टरी रेसिंग टीम नए सिरे से फोकस, अपग्रेडेड मशीनों और एक शक्तिशाली 8-राइडर लाइन-अप के साथ लौटी है। इस टीम में अनुभवी चैंपियन और विशेषज्ञ राइडर जैसे ऋग्वेद बरगुजे, ईक्षण शानबाग और प्रज्वल वी शामिल हैं, जो ग्रुप ए - फॉरेन ओपन एसएक्स1 में प्रतिस्पर्धा करेंगे, साथ ही इमरान पाशा, बंटेइलांग जिरवा और डी सचिन, जो ग्रुप बी - इंडियन एक्सपर्ट कैटेगरी में रेस करेंगे। उनके साथ उभरते हुए टैलेंट जेडन वंडमे नोंग्खलाव और शैलेश कुमार भी हैं, जो इंडियन नोवाइस ग्रुप बी में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**प्रतिस्पर्धा**

पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग इस सीज़न में अपनी अत्याधुनिक टीआर 300 एक्स (ग्रुप ए - 500 सीसी तक) और टीआर 200एक्स (ग्रुप बी - 260 सीसी तक) रेस मशीनें उतारेगी। इन अपग्रेडेड बाइक में एडवांस्ड कैमशाफ्ट और सिलेंडर हेड डिज़ाइन हैं जो बेहतरीन मिड-रेंज टॉर्क और हाई-आरपीएम परफॉरमेंस देते हैं। बेहतर सस्पेंशन सिस्टम और विशिष्ट एर्गोनॉमिक्स के साथ, मशीनें बेहतर कंट्रोल, ट्रैक्शन और कॉर्नरिंग एजिलिटी का वादा करती हैं, जो टीवीएस रेसर्स को ट्रैक पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देती हैं।


टीवीएस मोटर कंपनी के हेड बिजनेस-प्रीमियम विमल सुंबली ने कहा, 'पिछले साल की चैंपियनशिप जीतने के बाद, पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग 2025 में नए मानक स्थापित करने के लिए तैयार है। हमारी मशीनों में सभी अपग्रेड और राइडर डेवलपमेंट के लिए समर्पित हर घंटा उत्कृष्टता और नवोन्मेष के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा 8-राइडर लाइन-अप अनुभव और उभरती प्रतिभा का एक आदर्श मिश्रण है, जो पारंपरिक सीमाओं को पार करने के लिए तैयार है। हमें पिछले कुछ वर्षों में बनाए गए अविश्वसनीय गति पर गर्व है - लगातार पोडियम फिनिश से लेकर भारत के बेहतरीन सुपरक्रॉस चैंपियन को तैयार करने तक। यह साल और भी खास है क्योंकि हम अपने प्रमुख प्रदर्शन ब्रांड, टीवीएस अपाचे के 20 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जो हमारे 'ट्रैक टू रोड' दर्शन को पूरी तरह से दर्शाता है। नए सीज़न में प्रवेश के बीच हमारा लक्ष्य न केवल रेस करने बल्कि एक बार फिर भारत में मोटरस्पोर्ट्स के लिए मानक बढ़ाने पर केंद्रित है।'

पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग भारतीय मोटरस्पोर्ट प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, रेसरों के प्रशिक्षण में निरंतर भारी निवेश करती है। आईएनएससी के नए सत्र के लिए, टीवीएस रेसिंग ने विशेष रूप से एसएक्स1-क्लास राइडरों के लिए उन्नत एसएक्स प्रशिक्षण सत्रों में निवेश किया है, जिसका उद्देश्य एथलीटों को एलीट सुपरक्रॉस रेसिंग की कठोर शारीरिक और रणनीतिक मांगों के लिए तैयार करने के लिए धीरज, चपलता और कौशल को बढ़ाना।

## रिमोट सेंसिंग के पितृ पुरुष, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. के. एस. मिश्रा के निधन से वैज्ञानिक जगत में शोक'

संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (मेपकास्ट) के संस्थापक एवं जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वरिष्ठ डिप्टी डॉयरेक्टर जनरल डॉ. के. एस. मिश्रा का कल दिनांक 26-05-2025 को 81 वर्ष की आयु में पुणे में निधन हो गया है। डॉ. मिश्रा द्वारा भारतीय रिमोट सेंसिंग तकनीक में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा मध्यप्रदेश में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर के संस्थापक प्रभारी रहे, उनके मार्गदर्शन में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की अनेक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। डॉ. मिश्रा, कैनेडियन सरकार लेबोरेट्री विजिटिंग फेलो कनाडा सेन्टर फॉर रिमोट सेन्सिंग ओटावा में रडार सेट प्रोजेक्ट में अनेक वर्षों तक कार्यरत रहें, उन्होंने कनाडा में स्ट्रक्चरल जियोफिजिक्स, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट एवं रिमोट सेसिंग



आदि के क्षेत्र में भी कनाडा सरकार को महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. के. एस. मिश्रा ने 1983 में मेनीटोबा विश्वविद्यालय, कनाडा से रिमोट सेन्सिंग उपयोग में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। डॉ. मिश्रा भारत सरकार के तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में कन्सल्टेन्ट के पद पर कार्यरत रहे। कुछ समय पूर्व तक वे देहरादून में यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी में डिस्टिंविश्ट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे।

रिमोट सेंसिंग सेन्टर में मध्यप्रदेश के भूमि उपयोग मानचित्रकरण, वेस्ट लेण्ड मानचित्रण, भूजल संभावित क्षेत्रों का मानचित्रण आदि परियोजनाओं का कार्य आपके मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। डॉ. के. एस. मिश्रा के निधन पर मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के वैज्ञानिकों डॉ. अनिल कोठारी, महानिदेशक, डॉ. विवेक कटारे, कार्यकारी संचालक, डॉ. प्रवीण कुमार दिघर्रा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख प्रशासन, श्री तस्नीम हबीब, सलाहकार, डॉ. अनिल खरे, श्री पराग भल्ला, सलाहकार एवं समस्त वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जी. डी. बैरागी, श्री डी. के. सोनी, डॉ. कपिल खरे, डॉ. रवि भारद्वाज, डॉ. आलोक चौधरी, श्री निरंजन शर्मा, श्री हरिनटराजन, श्री एस. ए. रजा तथा डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. आर. के. सिंह, डॉ. मनीषा ज्योतिषी, डॉ. सरोज बोकिल, डॉ. जे. पी. शुक्ला, डॉ. एन. के. तिवारी, श्री मुकेश साहू, श्रीमती किरण कानूनगो, श्रीमती मधुमिता तिवारी आदि ने अपनी शोक संवेदनाएं प्रेषित की हैं।

## एमसीयू में 121 विद्यार्थियों को परीक्षा से रोका

संवाददाता ● भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न विभागों के कक्षाओं से 'आदतन अनुपस्थित' विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाया है । ऐसे 121 विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया और उन्हें परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया है । ये सभी विद्यार्थी सत्र जनवरी-जून 2025 के हैं। कक्षाओं में उपस्थिति को लेकर गंभीर एमसीयू प्रशासन ने चेतावनी दी है कि एडमिशन लेकर गायब होने वाले विद्यार्थी कहीं और जाकर पढ़ें अन्यथा पूरे अनुशासन के साथ कक्षाओं में मौजूद रहें। अगले शैक्षणिक सत्र से क्लासरूम टीचिंग की फीड बैक प्रणाली शुरू करने की तैयारी है, जिसमें विद्यार्थी अपनी कक्षाओं और



पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर अपने सुझाव दे सकेंगे। कक्षा प्रभारियों की भी जिम्मेदारी होगी कि वे अपनी कक्षाओं में अधिकतम विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी स्वयं अंतिम सेमिस्टर की साप्ताहिक कक्षाएँ लेंगे और किसी भी कक्षा में विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहेंगे। कक्षाओं से गायब रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को नियमित सूचित किया जाएगा ताकि वे कहीं और एडमिशन दिला सकें ।

### देने के लिए 48वें राष्ट्रीय समर कैंप का आयोजन करेगा

## ईडीआईआई युवाओं में उद्यमिता कौशल को बढ़ावा

एजेंसी ● अहमदाबाद

एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने युवाओं के लिए अपनी 48वीं राष्ट्रीय समर कैंप उद्यमिता साहसिक शिविर के आयोजन की घोषणा की है। यह कैंप 01 जून 2025 से 10 जून 2025 तक ईडीआईआई के अहमदाबाद परिसर में आयोजित किया जाएगा।

**निर्माण**

16 से 22 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह 10-दिवसीय आवासीय समर कैंप युवाओं में उद्यमिता कौशल, क्षमताओं के विकास और निर्माण के उद्देश्य से आयोजित किया जायेगा। 48वां राष्ट्रीय समर कैंप प्रतिभागियों में रचनात्मकता, समस्या समाधान, नेतृत्व, लक्ष्य निर्धारण जैसे गुणों को विकसित करने में सहायक करेगा, जो विभिन्न गतिविधियों और सफल उद्यमियों के साथ संवाद के माध्यम से सिखाए जाएंगे। समर कैंप का पाठ्यक्रम छात्रों को वित्त, कम्युनिकेशन और डिज़ाइन थिंकिंग जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेगा।

Entrepreneurship Development Institute of India Ahmedabad

पंकज भारती, कैंप लीडर, ईडीआईआई ने कहा, "हमारा समर कैंप महत्वाकांक्षी युवाओं की क्षमता को उजागर करने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें एक जीवंत और संवादात्मक वातावरण में उद्यमिता गुणों और जीवन कौशलों का विकास किया जाता है। 48वां कैंप युवाओं को आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपने भविष्य की बागडोर संभालने के लिए सशक्त बनाने की हमारी परंपरा को आगे बढ़ाएगा।" आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को एक संक्षिप्त बायोडाटा जमा करना होगा, जिसमें निम्न जानकारी होः नाम, योग्यता, पाठ्येतर गतिविधियाँ, शैक्षिक पृष्ठभूमि, शौका ता-पिता के नाम और व्यवसाय संपर्क नंबर एवं ईमेल तथा फोन/फ्लेक नंबर एक पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें आवेदन डॉ. पंकज भारती के नाम pbharati@ediindia.org पर संबोधित होना चाहिए। आवेदकों को साथ ही संलग्न करना होगाः दो पासपोर्ट साईज की फोटोग्राफ्स के साथ 31,860 (18% जीएसटी सहित) का भुगतान डीडी/एनईएफटी/आरटीजीएस/ऑनलाइन माध्यम से ईडीआईआई, अहमदाबाद को करना रहेगा। ईडीआईआई द्वारा आयोजित 47वां राष्ट्रीय समर कैंप हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें देश के 12 राज्यों से 58 छात्रों ने भाग लिया। इस बैच के प्रतिभागियों को प्रतिष्ठित हस्तियों से संवाद, सीखने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला – श्री मीत जटाकिया, संस्थापक, गुजुप्रेन्योर एवं रिफ्लेक्ट ब्रांडिंग; श्री रीना चौधरी, सह-संस्थापक, एग्रीओन फार्मटेक; और सीए. जनीश पटेल, निदेशक, समर्पण शुगर एवं चौथे समर कैंप के पूर्व छात्र।

## ऐतिहासिक पहल : देवी अहिल्या की 300वीं जयंती के अवसर पर होगा आयोजन

# मोदी जारी करेंगे 300 रुपए का सिक्का, विशेष डाक टिकट

**संवाददाता ● इंदौर**

पहल

देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार उनकी स्मृति में 300 रुपये का सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी करने जा रही है। इसकी अधिसूचना जारी हो गई है। इंदौर में होलकर रियासत की शासिका रहीं देवी अहिल्याबाई पर सिक्का एक ऐतिहासिक कदम होगा। यह देवी अहिल्याबाई के प्रति देश के सम्मान का सूचक है। देवी अहिल्याबाई होलकर का त्रि जन्म शताब्दी मुख्य समारोह 31 मई को भोपाल में होगा। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी करेंगे।

इंदौर में अहिल्याबाई का कार्यकाल शुरू होने के बाद 1767 का सिक्का पाया गया है। यह मल्हारगंज जिन्सी की टकसाल में ढाला गया था। देवी अहिल्याबाई के कार्यकाल में मल्हारगंज (इंदौर) के साथ महेश्वर में भी सिक्कों को ढालने की टकसाल स्थापित की गई थी। मल्हारगंज में क्षेत्र में स्थित यह टकसाल मप्र परिवहन का डिपो बन गया था। वर्तमान में यहाँ नगर निगम का वर्कशॉप है। प्रोफेसर एलसी धारीवाल की इंदौर स्टेट गजेटियर के खंड एक में उल्लेख है कि महेश्वर में ढाले गए सिक्के केवल धार्मिक कार्यों के उपयोग किए जाते थे। महेश्वर की टकसाल ढले चांदी के सिक्कों पर शिवलिंग, जलधारी और बिल्वपत्र अंकित था। मल्हारगंज (इंदौर) में ढाले गए सिक्कों पर सूर्य और चंद्र अंकित थे। बैतूल से प्राप्त अहिल्याबाई के कार्यकाल के सिक्के भी मल्हारगंज (इंदौर) में ढाले गए थे।

**होलकर कालीन सिक्कों का रोचक है इतिहास** – होलकर राज्य के सिक्कों का इतिहास अति प्राचीन नहीं है। अहिल्याबाई होलकर के ससुर मल्हारराव होलकर के कार्यकाल में पानीपत युद्ध (1761) के दौरान अनाज की कमी और सैन्य खर्च की पूर्ति करने के लिए चांदी के सिक्के जारी किए गए थे। ये सिक्के मल्हारशाही सिक्के कहलाते थे। आज ये सिक्के दुर्लभ हैं। जे. एफ. शेकल्टन की पुस्तक में मल्हारशाही सिक्कों का विवरण है।




### चांदी के सिक्कों का मूल्य तब ज्यादा था

होलकर रियासत काल में सिक्के चांदी और तांबे के प्रचलन में थे, सोने के सिक्के प्रचलन में नहीं रहे हैं। चांदी के सिक्के एक रुपया, आठ आना, चार आना, दो आना और एक आना के थे, तांबे के सिक्के आधा आना, पाव आना और धेले मूल्य के थे।

### आलमशाही के सिक्के भी थे चलन में

होलकर राज में लंबे समय तक सलीमशाही या शाह आलमशाही के सिक्के भी प्रचलन में थे। ये सिक्के उदयपुर, प्रतापगढ़, देवला, कोटा, टोंक, भोपाल और ग्वालियर रियासतों द्वारा ढाले जाते थे। अहिल्या बाई के कार्यकाल में आलमशाही सिक्के प्रचलन में थे। व्यापारी और आम जनता को इनका मूल्य आंकने में परेशानी होती थी, इसलिए अहिल्या बाई ने शाह आलमशाही सिक्कों का 12 प्रतिशत मूल्य राज्य में कम करवा दिया था। हालांकि, यह व्यवस्था अहिल्या बाई की मृत्यु के बाद लागू नहीं रही। 1832-33 में महेश्वर टकसाल बंद कर दी गई और इंदौर की टकसाल कार्य करती रही। अब देश में एक जैसी मुद्रा चलन में है, ऐसे दौर में आज की पीढ़ी को देवी अहिल्या बाई की स्मृति में जारी हो रहा 300 रुपये का सिक्का देखने को मिलेगा।



## शॉट न्यूज

### सन्दिग्ध स्थिति में मिली 40 से अधिक मतदान पेटियां

**इंदौर।** नगर में हलचल तब तेज हुई जब एक सूने मकान में संदिग्ध स्थिति में निर्वाचन की पेटियां मिलने का मामला सामने आया जिसमें देपालपुर की शांति विहार कॉलोनी में एक सुने मकान में करीब 40 से अधिक निर्वाचन की पेटी संदिग्ध अवस्था में मिली सूचना मिलते ही क्षेत्र के तहसीलदार लोकेश आहूजा एवं पंचायत अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां देखा गया कि करीब 40 से अधिक पेटियां सूने मकान में पड़ी हुई थी बताया जा रहा है कि क्षेत्र के लोग पानी की मोटर चेक करने मकान में गए जब देखा गया कि कमरों में निर्वाचन पेटियां रखी है इसके बाद सूचना प्रशासन को दी गई वहीं अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर सारी पेटियां देपालपुर जनपद पंचायत के सुपुर्द की है। अचानक से एक सूने मकान में निर्वाचन पेटीयां मिलना गंभीरता को दर्शाता है।

### शराब दुकान कर्मचारियों को मारे चाकू

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शराब दुकान के दो कर्मचारियों पर बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला किया और फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को फरियादी मुकेश पिता राजेश 40 साल निवासी बल्दा कॉलोनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अहिर खेड़ी स्थित वाइन शॉप सेल्स मैनेजर है। उसके मुताबिक 10 दिन पहले चार लड़के आए और शराब की बोतल पर 50% डिस्काउंट देने की मांग की मैंने मना किया तो चारों ने कहा कि हम रमेश बंजारा के आदमी है। बोलकर चले गए। मुकेश के मुताबिक रात्रि 11:15 बजे दुकान बंद कर अपने अन्य कर्मचारी पवन के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर घर जाने की तैयारी कर रहा था तभी चारों लड़के दो मोटरसाइकिल पर आए और मुझे एवं पवन पर चाकू से हमला किया और धमकी देकर भाग गए। राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### तस्करों का चरस सप्लाय करने वाले आरोपी को पकड़ा

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने तस्करों को चरस सप्लायर करने वाले मुख्य आरोपी को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पूर्व में पकड़े गए दो आरोपियों की पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई। क्राइम ब्रांच ने गत दिनों अब्दुल राइस 48 साल निवासी बड़वानी और मोहम्मद बाबर 40 साल निवासी मल्हार पलटन को पकड़ा था। इनके पास से 1 किलो से अधिक चरस बरामद की थी।दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह चरस कानपुर के रहने वाले दिलीप अवस्थी से खरीद कर लाते थे। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुख्य आरोपी दिलीप अवस्थी निवासी कानपुर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दिलीप ने बताया कि वह शर्ट में कांच बटन लगाने का कार्य के साथ चरस की सप्लाई करता था।

# साकेत को रिंग रोड से जोड़ने वाली सड़क की मिलेगी सौगात

## महापौर के प्रयास से शहर की 30 साल से लंबित सड़क की अड़चन हुईं दूर



**संवाददाता ● इंदौर**

सौगात

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज सुबह शहर की प्रमुख सड़कों में से एक मनीष पुरी से रिंग रोड को जोड़ने वाली निर्माणाधीन लिंक रोड एवं खजराना चौराहा ब्रिज के आसपास सर्विस रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद सदस्य श्री राजेश उदावत, क्षेत्रीय पार्षद मुद्रा शास्त्री, अपर आयुक्त अभय राजन गांवकर, कार्यपालन यंत्री डी आर लोधी क्षेत्रीय जोनल अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा एवं अन्य उपस्थित थे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि मनीष पुरी से रिंग रोड तक की लिंक रोड का निर्माण कार्य 15 जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य के साथ-साथ स्टॉर्म वाटर लाइन एवं सीवरेज लाइन के कार्यों को भी समांतर रूप से शीघ्र पूरा किया जाए, जिससे वर्षा ऋतु में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह सड़क न केवल साकेत क्षेत्र को रिंग रोड से जोड़ेगी, बल्कि क्षेत्रीय नागरिकों को सुगम यातायात, समय की बचत एवं बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्माण कार्य और नागरिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। खजराना चौराहे के पास निर्माणाधीन सर्विस रोड के निरीक्षण के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह कार्य वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण किया जाए, जिससे ट्रैफिक की सुगमता बनी रहे एवं क्षेत्रवासियों को राहत मिले।

# कंपनियों में 500 युवाओं को मिलेगी नौकरी

**इंदौर।** राज्य निर्देशानुसार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाने के लिये इंदौर जिले में लगातार रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे है। इसी सिलसिले में आगामी 02 जून 2025, सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नंदानगर, इंदौर में रोजगार मेला आयोजित होगा। इसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 500 युवाओं को नौकरी मिलेगी। यह संयुक्त रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं जिला उद्योग केन्द्र, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार पीएस मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में बालाजी वेपर्स, रूपरंग स्टोर्स, श्याम टाटा मोटर्स, शैफाली बिजनेस, मेडपप्स, बी-एबल जैसी प्रतिष्ठित कंपनियाँ लगभग 500 रिक्त पदों के लिए प्रारंभिक चयन करेंगी। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार लेकर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। मेले में 18 से 40 वर्ष की आयु के ऐसे युवा भाग ले सकते हैं, जिन्होंने हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा या तकनीकी योग्यता (जैसे आईटीआई) प्राप्त की हो।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम बबलू पिता राम नारायण वर्मा 50 साल निवासी प्रकाश का बगीचा है। पुलिस के मुताबिक बबलू रेलवे पटरी के रास्ते पैदल घर जा रहा था तभी ट्रेन की टक्कर से वह गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बबलू वाइजर की फैक्ट्री में काम करता था और रोजाना रात में घूमने के लिए लोहा मंडी क्षेत्र जाया करता था। जूनी इंदौर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। चंदन नगर थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवाल आकाश पिता राजेंद्र 30 साल निवासी बड़ोदिया की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आकाश को नवादा पंत क्षेत्र में ट्रक ने टक्कर मार दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया । उसका उपचार बड़े अस्पताल में चल रहा था।

## गूंजे देशभक्ति के नारे

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

## बेटियों ने दिखाए करतब



**संवाददाता ● इंदौर**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के अंतर्गत राजमाता जीजाबाई मण्डल के वार्ड गौरीनगर और वार्ड 23 परदेशीपुरा में आज "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन देश की रक्षा में लगे वीर सैनिकों के सम्मान में किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्री रमेश मेंदोला के नेतृत्व में भारी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा की सबसे खास बात रही गौरीनगर की बेटियों द्वारा अखाड़े में दिखाए गए शौर्यपूर्ण करतब। इन बेटियों ने पारंपरिक भारतीय अखाड़ा शैली में अद्भुत प्रदर्शन कर न केवल अपनी ताकत और साहस का परिचय दिया, बल्कि उपस्थित जनसमुदाय को भी गर्व की अनुभूति कराई। करतबों के साथ-साथ देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों ने वातावरण को और भी जोशपूर्ण बना दिया — "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", और "जय हिंद" जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

इस आयोजन में राजमाता जीजाबाई मण्डल अध्यक्ष कमल सिंह चौहान, वार्ड 23 की पार्षद विनीता धर्मेन्द्र मौर्य, तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य समाजसेवी और राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित व्यक्तियों में शामिल रहेः समाजसेवी नवीन गोधा,सोनू ठाकुर,मण्डल महामंत्री मनीष बेंडवाल मनीष गुप्ता रोहित चौधरी हरिशंकर पटेल सविता पटेल महेंद्र चौधरी सतीश चौहान गोलू अहिरवार रिंकू तलावदिया बंटू संजू साहू इशाक खान राजा ठाकुर राहुल ठाकुर लक्की पटेल अभय जैन नारायण साहू कैलाश जोशी प्रणय चौहान दिलीप यादव गीता राजोरिया शीला शुक्ला शारदा सालुंके जमुना देवांग पूजा कश्यप और अनेक अन्य लोग, जिनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को एकता, राष्ट्रभक्ति और समाज की जागरूकता का प्रतीक बना दिया। तिरंगा यात्रा में स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था।

महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के रंग में रंगे हुए दिखाई दिए। यात्रा के समापन पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सेना के जांबाजों के अदम्य साहस को नमन किया गया। "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता और हमारे सैनिकों के शौर्य को समर्पित यह आयोजन न केवल एक सामाजिक उत्सव था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने वाला संदेश भी था – कि देश सर्वोपरि है।





इंदौर। शनि जयंती पर जूनिइंदौर स्थित प्राचीन शानि मंदिर में सुबह की गई महाआरती दर्शन के लिए मंदिर में सुबह से ही भीड़ उमड़ी।

## कलेक्टर आशीष सिंह ने ली समीक्षा बैठक- अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य चार दिन में पूरे करने के दिये निर्देश

# जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान : जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य शुरू

**संवाददाता ● इंदौर**

पहल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा पर प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह अभियान इंदौर जिले में व्यापक जनभागीदारी से जन-आंदोलन बन गया है। जिले में जल संग्रहण, जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ हो गये है। अभियान के तहत जहां एक और पूराने कुएं , बावड़ी और तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। वहीं दूसरी और नए तालाब बनाने का कार्य भी हाथ में लिया गया है। जिले में खेत-खेत में भी तालाब बनाये जा रहे है। वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य भी बड़े स्तर पर शुरू किया गया है।



कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि अभियान को और अधिक गति प्रदान की जाये। शत-प्रतिशत लक्ष्य अगले चार दिन में पूरे कर लिये जायें। अभियान को प्रभावी बनाने में किसी भी तरह की कसर नहीं रखी जाये। यह अभियान राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और आम-जन-जीवन से जुड़ा बड़ा और महत्वपूर्ण अभियान है। सभी अधिकारी इस अभियान को पूर्ण गंभीरता क्रियान्वित करें। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज एआईसीटीएसएल के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में इस अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने विकाखंडवार अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि यह अभियान इन्दौर जिले में जन आन्दोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है। ग्रामीणों और समाजसेवियों की भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के फलस्वरूप इन्दौर में जल संचय होगा, जिसका सीधा लाभ आमजन और किसानों को मिलेगा। इसके लिए अभियान के तहत इंदौर जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ किये गए हैं।

### जिले के 43 ग्राम पंचायतों में तालाबों का गहरीकरण

समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान इन्दौर में ख्याति प्राप्त कर चुका है। वर्तमान में इन्दौर जिले में जल गंगा अभियान के अन्तर्गत 705 खेत तालाब, 1200 डग वेल रिचार्ज, 63 बावड़ी एवं चेकडेम जीर्णोद्धार, 5000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ 12 अमृत सरोवर पर कार्य हो रहा है, जिसमें अधिकांश कार्य शुरु होकर प्रगति पर है। पिछले वर्ष 2024 में जिले में 101 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया इस बार लक्ष्य बढ़ाकर कार्य किया जा रहा है। इन्दौर जिले के 43 ग्राम पंचायतों में तालाबों का गहरीकरण कार्य किया जा रहा जिससे 2300 कृषकों को लाभ हुआ। मनरेगा योजनान्तर्गत सामुदायिक हितग्राही मूलक वृक्षारोपण किये गए जिसमें इन्दौर जिले में 3 लाख से अधिक पौधे रोपित किये गए और आने वाले समय में इस वर्ष 10 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# बच्चों के लिए ऐसे खिलौने चुनें, जो तुरंत फेंक न दिए जाएं

मुझे पता है, आप क्या सोच रहे हैं? दरअसल, ये कहना आसान है और करना मुश्किल। खासकर तब जब कोई व्यक्ति ट्रेन की बोगी में कई सारी गेंदें और गुड़िया लटकाए घूम रहा है और बार-बार आकर कह रहा है कि कौन मुन्ना रो रहा है? मैं उसे दो सेकंड में खुश कर दूंगा और वह एक रबर की पारदर्शी गेंद रेलवे बर्थ के बीच फेंकता है और गेंद अचानक कई रंगों में चमकने लगती है। और बच्चा कहता है कि ह्यमुझे वो बॉल चाहिए।ह्न बच्चे को समझाने की कोशिश करें कि यह 48 घंटे से ज्यादा काम नहीं करेगी तो सेल्समैन आप पर टूट पड़ता है कि सर, मैं गारंटी देता हूं कि मुन्ना आपकी वापसी की यात्रा में भी इसी से खेलेगा।

मैं हमेशा इसी ट्रेन में रहता हूं। अगली गर्मियों में भी यदि ये गेंद काम नहीं करे आप आकर इसे वापस कर सकते हो। मैं बिना कोई सवाल पूछे इसे बदल दूंगा।ह्न इस बीच आप देखेंगे कि बच्चा पहले ही बॉल से खेलने लग गया है और उसे दूसरी बर्थों पर लुढ़काने लगा है। आपके पास इसे खरीदने के अलावा कोई चारा नहीं रहता। और ऐसी खरीदारी कर चुके आपमें से अधिकांश लोग मुझसे सहमत होंगे कि ऐसी गेंदें एक यात्रा में भी नहीं चल पाती। या तो बच्चा इसे खो देता है या फिर गेंद की वो चमकीली लाइटें बंद हो जाती है, जो फर्श पर मारने के बाद बच्चे को आकर्षित करती थीं। ज्यादातर दूसरा वाला कारण अधिक सामान्य है। अब यह बॉल आपके बैग में रखी हुई एसी कार से घर वापसी की यात्रा कर रही है। और घर पर ये बॉल या तो भुला दी गई है या किसी कोने में अव्यवस्थित सी पड़ी है और कुछ समय बाद कूड़ेदान में चली जाती है!

**आपके पास इसे खरीदने के अलावा कोई चारा नहीं रहता। और ऐसी खरीदारी कर चुके आपमें से अधिकांश लोग मुझसे सहमत होंगे कि ऐसी गेंदें एक यात्रा में भी नहीं चल पाती। या तो बच्चा इसे खो देता है या फिर गेंद की वो चमकीली लाइटें बंद हो जाती है, जो फर्श पर मारने के बाद बच्चे को आकर्षित करती थीं। ज्यादातर दूसरा वाला कारण अधिक सामान्य है। अब यह बॉल आपके बैग में रखी हुई एसी कार से घर वापसी की यात्रा कर रही है।**

अगर आपके घर में बच्चे हैं तो मुझसे यह मत कहिएगा कि आपके घर में ऐसा कुछ नहीं हुआ। यही कारण है कि मैंने इस हैडलाइन के साथ शुरूआत की थी कि बच्चों के लिए ऐसे खिलौने चुनें, जो तुरंत फेंक न दिए जाएं। उपहार विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि कैसे उपयोगिता, बच्चे के विकास और खुशी को प्राथमिकता दी जाए। वे ऐसे गिफ्ट की सलाह देते हैं, जो खेल और रचनात्मकता को बढ़ावा दे और प्लास्टिक से बचने की राय देते हैं। यहां उम्र के अनुसार कुछ सुझाव पेश हैं। 4 वर्ष उम्र वालों के लिए: हिसार में एक स्कूल चलाने वाले मेरे दोस्त हरिपाल पिलानिया ने मुझे लकड़ी के क्यूब्स दिए, जिनसे बच्चे रूबिक क्यूब बना सकते हैं। यकीन मानें, यह गेम आज भी मेरे घर पर 10 साल से है और जो बच्चे मेरे घर आते हैं, बिना थके इससे खेले हैं, चाहे फिर वह 10 साल के हों।

6 वर्ष उम्र वालों के लिए: कैट एंड रैट थीम वाले कार्ड गेम। मैंने इसे अमेरिका से खरीदा था। बच्चे ताश खेलने वाले बड़ों की नकल पसंद करते हैं। अकेली बिल्ली किसी चूहे पर भारी पड़ जाए या चूहों का एक समूह बिल्ली को घेर ले, यह वाकई मजेदार खेल है। यहां तक कि हमारी उम्र के लोग भी इसे खेल सकते हैं। मुझे बताओ कि ह्य रैट-ए-टैट कैटह्न जैसे गेम खेलने का किसका मन नहीं करेगा?

8 वर्ष उम्र वालों के लिए: कई सारे ऐसे कलरफुल जर्नल्स हैं, जो प्रश्नों से भरे होते हैं, उनमें इलस्ट्रेशन और ड्रॉइंग के लिए संकेत होते हैं- उदाहरण के लिए ह्ययदि मेरे पास एक रोबोट होता तो मैं इसे प्रोग्राम करने के लिए कहता... (ऐसी चीजें मेरे दिमाग में है) 10 वर्ष उम्र वालों के लिए: नए बेकर्स और उत्सुक कुक्स के लिए शेफ इन ट्रेनिंग एक गेम है। इसमें मिनी व्हिस्क, स्पेचुला, नापने वाला कप और कई सारी चीजें होती हैं। यह उन्हें अंडे फेंटने और सलाद सजाने जैसे कुछ काम सीखने में मदद करता है। फंडा यह है कि अलग-अलग उम्र के लिए ऐसा सही उपहार चुनना, जिसे वे संभाल कर रखें और ये आसान काम नहीं है। सबसे पहले हमें खुद को रचनात्मक होना पड़ेगा और उससे अधिक उपयोगिता के बारे में सोचना होगा कि वह गिफ्ट उसे बोर ना करे। यदि आपके पास कुछ सुझाव हैं, तो शेयर करें, ताकि मैं सभी पाठकों को इस बारे में बता सकूं।

## संत वचन

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में...

# बिगड़े बोल दुनिया में हमारे नैरेटिव को बिगाड़ देते हैं

## एडिट.नोट

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नरसंहार की गहरी साम्प्रदायिक प्रकृति भारत के प्रति पाकिस्तान के छद्म युद्ध में एक नए चरण का संकेत देने वाली थी। अतीत में पाकिस्तान की शह पर होने वाले आतंकवादी हमलों में सुरक्षा बलों और सैन्य शिविरों को निशाना बनाया जाता था, लेकिन इस बार आतंकवादियों ने नागरिकों को निशाना बनाया। उनमें भी पर्यटकों को, जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था के बदलते चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं, और उन्हें भी धर्म के आधार पर। पाकिस्तान की रणनीति में बदलाव का पहला संकेत तो खुद सेना प्रमुख असीम मुनीर के हवाले से मिल गया था, जब उन्होंने पहलगाम नरसंहार से पहले और बाद में दो-राष्ट्र सिद्धांत को सामने रखते हुए कहा कि हिंदू और मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते, क्योंकि वे जीवन के हर पहलू में अलग हैं। पहलगाम हत्याकांड को जैसा सांप्रदायिक ट्विस्ट मिला है, उसे भी मुनीर की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। हाल के सालों में पाकिस्तान के किसी भी सेना प्रमुख ने कश्मीर पर पाकिस्तान के दावों को सही ठहराने के लिए दो-राष्ट्र सिद्धांत का सहारा नहीं लिया है।

मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के लिए नई रेड लाइंस खींची हैं। यह देखना बाकी है कि यह ह्यन्यू नॉर्मलह्न भविष्य के आतंकवादी हमलों के खिलाफ कारगर होता है या नहीं। अतीत के अनुभव तो यही बताते हैं कि पाकिस्तान हर बार नए जोश के साथ जवाबी हमले करता है। चिंता की बात यह है कि मुनीर की मानसिकता हमारे लिए नई चुनौतियां पेश करती है। समय ही बताएगा कि उनकी योजनाएं क्या हैं लेकिन यह भी हो सकता है कि वे अपनी घरेलू विफलताओं को छुपाने के लिए इस छद्म युद्ध के दायरे को बढ़ा रहे हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान की ओर से भविष्य में होने वाले किसी भी प्रकार के हमले के जवाब में कड़ी सैन्य प्रतिक्रिया की चेतावनी दी है। लेकिन साथ ही हमें धारणाओं की लड़ाई भी लड़नी है। नैरेटिव मजबूत बनाए रखने के लिए हमारे लिए देश में सांप्रदायिक तनाव को कम करना और सामाजिक संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है।

किसी को भी- खासकर मुनीर को- हमारे सामने दो-राष्ट्र सिद्धांत का दिखावा करने का मौका नहीं मिलना चाहिए। पहलगाम में आतंकवाद के प्रति सरकार की प्रतिक्रिया स्पष्ट और तीखी थी। उसने ऑपरेशन सिंदूर की मीडिया ब्रीफिंग का नेतृत्व करने के लिए विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ दो भिन्न समुदायों की महिला सैन्य अधिकारियों को उतारकर हमारे बहुलतावाद को प्रदर्शित किया। यह भारत की ओर से एक शक्तिशाली स्टैंड था। केंद्र सरकार ने बहुलता के संदेश को उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से भी आगे बढ़ाया, जिन्हें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश भेजा गया है। प्रतिनिधिमंडल में एक मुस्लिम नेता और एक सिख चेहरा है। ईसाई समुदाय और पूर्वोत्तर के प्रतिनिधि भी हैं। दुर्भाग्य से, भाजपा का ही एक वर्ग सरकार के संदेश के महत्व को पूरी तरह से समझ नहीं पाया है। सुर्खियां बटोरने के सस्ते हथकंडे अपनाकर उसने अपनी ही सरकार को लज्जित किया है। मध्य प्रदेश में भाजपा के राज्यमंत्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी पर सांप्रदायिक बयानबाजी करते हुए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसके कुछ दिन बाद हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने जमीनी हकीकत की मांग करने वाले एक साधारण सोशल मीडिया पोस्ट के लिए अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया। सरकार ने 17 मई को अंतरराष्ट्रीय आउटरीच के लिए प्रतिनिधियों की पूरी सूची की घोषणा की, अगले ही दिन हरियाणा पुलिस ने महमूदाबाद को गिरफ्तार कर लिया। इस तरह की घटनाएं दुनिया में हमारे नैरेटिव को बिगाड़ देती हैं। यह एक मुश्किल समय है और संतुलित प्रतिक्रिया की मांग करता है।

मिन्हाज मर्चेंट -लेखक

# अर्थव्यवस्था में सोने का और बेहतर उपयोग कैसे करें?

आज भारतीय परिवारों के पास दुनिया के दस सबसे बड़े केंद्रीय बैंकों- अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, चीन, इटली, स्विट्जरलैंड, जापान, तुर्किये और खुद भारत के स्वर्ण भंडारों से भी अधिक सोना है! भारतीय घरों में लगभग 25,000 टन सोना रखा हुआ है। यह अमेरिकी सरकार के स्वर्ण भंडार (8,133 टन) का तीन गुना और भारतीय रिजर्व बैंक (879 टन) के स्वर्ण भंडार का लगभग 30 गुना है। आज की कीमतों के हिसाब से भारत के घरेलू सोने की कीमत कितनी होगी? सोने के मूल्य लंबे समय से बढ़ रहे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण इनमें उछाल आया है। लगभग एक लाख रुपए (1,200 डॉलर) प्रति तोला (10 ग्राम) की वर्तमान कीमत के हिसाब से भारतीय घरों में रखे 25,000 टन सोने का मूल्य लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर ठहरता है। यह भारत की 2025 की जीडीपी 4.19 ट्रिलियन डॉलर का लगभग 75 प्रतिशत है।

अनुमान है कि इनमें भी भारतीय महिलाओं के पास ही 24,000 टन से ज्यादा सोना है। यह अमेरिका सहित जर्मनी (3,300 टन), इटली (2,450 टन), फ्रांस (2,400 टन) और रूस (1,900 टन) के केंद्रीय बैंकों के सोने के भंडार से ज्यादा है। ऑक्सफोर्ड गोल्ड ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय महिलाओं के पास दुनिया के कुल सोने का 11 प्रतिशत हिस्सा है। सोने से भारतीयों के इस असीम लगाव की वजह क्या है? इसे एक सुरक्षित और स्थिर निवेश माना जाता है। पिछले 25 वर्षों में ही सोने की कीमत 4,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है- यानी 25 वर्षों में 25 गुना वृद्धि। चक्रवृद्धि आधार पर तो सोने का मूल्य प्रति वर्ष लगभग 14 प्रतिशत बढ़ा है और यह लगभग हर पांच साल में दोगुना हो रहा है।

इसकी तुलना में बीएसई सेंसेक्स 2000 से 2025 के बीच 6,000 से बढ़कर 80,000 से अधिक अंकों तक पहुंचा है- यानी 25 वर्षों में लगभग 14 गुना वृद्धि। यह 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) बताता है। लंबी अवधि में सोना इक्विटी से भी बेहतर प्रदर्शन करता है। स्टॉक के विपरीत, सोने की कीमतें कम अस्थिर होती हैं। दुनिया की सबसे रूढ़िवादी निवेशकों में से एक भारतीय महिलाओं को यह बात अच्छी तरह से पता है। सोने ने भारतीय परिवारों को शादियों के लिए पैसे जुटाने और दिवालिया होने से बचाने में मदद की है। लेकिन वित्तीय सुरक्षा के लिए रखे गए एक डेड-एसेट के बजाय भारत की अर्थव्यवस्था में सोने का अधिक प्रोडक्टिव उपयोग कैसे किया जा सकता है?

आरबीआई की स्वर्ण निवेश योजना को सीमित सफलता मिली है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड का उद्देश्य सोना रखने का विकल्प प्रदान करना है। जैसा कि आरबीआई कहता है, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक बेहतर विकल्प प्रदान करता है। इसमें स्टोरेज का जोखिम और लागत समाप्त हो जाती है। निवेशकों को मैच्योरिटी के समय सोने के बाजार मूल्य और आवधिक ब्याज का आश्वासन दिया जाता है। आभूषण के रूप में सोने के उपयोग के मामले में भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड समस्याओं से मुक्त है। लेकिन भारतीयों में भौतिक सोने का आकर्षण इतना प्रबल है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पूरी तरह से लोकप्रिय नहीं हो पाया है। भारत ने 2024-25 में 58.01 अरब डॉलर मूल्य के सोने का आयात किया। तस्करी को कम करने के उद्देश्य से आयात शुल्क में 15 से 6 प्रतिशत की कटौती ने 2023-24 में सोने के आयात को 27 प्रतिशत बढ़ाने में मदद की।

2024-25 में भारत का व्यापारिक और सेवा व्यापार में कुल घाटा 94.26 अरब डॉलर था। इसलिए 2024-25 में भारत के आयात में 58.01 अरब डॉलर का सोना भारत के व्यापार घाटे का एक प्रमुख घटक है। वैसे भारत के आयात बिल में सबसे बड़ा घटक कच्चा तेल है, जिसका 2024-25 में 133 अरब डॉलर का योगदान था। सोने का आयात कच्चे तेल के आयात का लगभग आधा है और इसे नियंत्रित करना आसान होना चाहिए। लेकिन भारतीय परिवारों की हर साल अधिक से अधिक सोना खरीदने की अतृप्त भूख ने भारत के व्यापार घाटे को बढ़ा दिया है। सोने के प्रति आकर्षण आर्थिक के साथ ही सांस्कृतिक और भावनात्मक भी है।चूंकि भारतीय महिलाओं के पास 3 ट्रिलियन डॉलर मूल्य का 24,000 टन से अधिक सोना है और पिछले वित्तीय वर्ष में भी उन्होंने 58 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित 600 टन सोना खरीदा है, इसलिए सोने की कीमतों में उछाल बने रहने की संभावना है।

## बिजनेस

ग्लोबल मार्केट में गिरावट के बाद भारतीय बाजार धड़ाम

# सेंसेक्स 624 अंक गिरकर 81,551 पर बंद हुआ, निफ्टी में भी 174 अंक की गिरावट

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 27 मई को सेंसेक्स 624.82 अंक गिरकर 81,551.63 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 174.95 अंक की गिरावट रही, ये 24,826.20 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 5 में तेजी और 25 में गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 2.21% गिरा है। क्ळड, टाटा मोटर्स, ठळढउ सहित कुल 10 शेयरों में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। इंडसइंड बैंक में 2.6% की तेजी है। निफ्टी के 50 में से 40 शेयरों में गिरावट जबकि 10 में तेजी रही। ठरए के ऑटो, क्ळ और ऋटउऋइंडेक्स में करीब 1% की गिरावट रही। फार्मा, रियल्टी और ढरव बैंक सेक्टर में मामूली तेजी रही।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट डॉ. वी के विजयकुमार ने कहा कि बाजार अभी कॉन्सोलिडेशन फेज में एंट्री कर सकता है। हाई वैल्यूएशन पर सेलिंग को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं किसी भी गिरावट पर खरीदारी की संभावना भी है, क्योंकि म्यूचुअल फंड के पास पर्याप्त नकदी है।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 192 अंक बढ़कर 37,724 और कोरिया का कोस्पी 7 अंक गिरकर 2,637 के स्तर पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 100 अंक की तेजी के साथ 23,381 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 6 अंक नीचे 3,340 के स्तर पर बंद हुआ।

23 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 256 अंक गिरकर 41,603 पर, नैस्डेक कंपोजिट 188 अंक (1%) नीचे 18,737 पर और र&ढ 500 भी 39 अंक (0.67%) गिरकर 5,802 पर बंद हुआ था। 26 मई को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 135.98 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों (उ्रक्र) ने 1,745.72 करोड़ रुपए की खरीदारी की।

मई महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 12,327.59 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 36,243.28 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी है। अप्रैल महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 2,735.02 करोड़ रुपए रही। घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ की नेट खरीदारी की।

भारतीय लग्जरी होटल चेन 'द लीला' की पैरेंट कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड का क्ढड आज यानी 26 मई से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इसके लिए 28 मई 2025 तक बोली लगा सकते हैं। इस इश्यू के जरिए कंपनी 3,500 रुपए जुटाना चाहती है। इस क्ढड में कंपनी 2,500 करोड़ रुपए के 5.75 करोड़ नए शेयर इश्यू करेगी। 1,000 करोड़ रुपए कीमत के 2.30 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत रहेंगे।हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 26 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 455 अंक चढ़कर 82,176 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 148 अंक की तेजी रही, ये 25,001 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। महिंद्रा, ल्डउछ टेक, टाटा मोटर्स सहित कुल 9 शेयर्स 2.17% तक ऊपर बंद हुए। इटरनल यानी जोमैटो में 4.55% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 38 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट रही। ठरए के सभी सेक्टर्स ऊपर बंद हुए। ऑटो इंडेक्स में 1.05%, मेटल में 0.94%, क्ळ में 1.02% और रियल्टी में 0.76% की तेजी रही।

### राज-काज

## एफडी से हर महीने कर सकते हैं कमाई

**नई दिल्ली।** लोग सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करते हैं। एफडी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें एक निश्चित रिटर्न मिलता है और आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। लेकिन ऋऊ में निवेश करने के कई और फायदे भी हैं। ऋऊ कराकर आप अपने लिए हर महीने कमाई का भी इंतजाम कर सकते हैं। आज हम आपको एफडी के ऐसे 7 फायदों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आपका जानना जरूरी है एफडी में आपका पैसा सेफ रहेगा। यहां जमा राशि पर 5 लाख रुपए तक की बीमा सुविधा मिलती है। इसका मतलब यह हुआ है कि अगर किसी कंडीशन में बैंक डिफॉल्ट कर जाए या बंद हो जाए तो आपके 5 लाख रुपए पर सरकार की गारंटी होगी। यानी डिफॉल्ट केस में भी 5 लाख रुपए आपको मिल जाएंगे। ऋऊ का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपको निवेश की शुरूआत में ही बता दिया जाता है कि मैच्योरिटी पर आपको कितना फायदा होगा।

# उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 625 अंक गिरा, निफ्टी 24850 से नीचे

**मुंबई ।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 26 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 455 अंक चढ़कर 82,176 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 148 अंक की तेजी रही, ये 25,001 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। महिंद्रा, ल्डउछ टेक, टाटा मोटर्स सहित कुल 9 शेयर्स 2.17% तक ऊपर बंद हुए। इटरनल यानी जोमैटो में 4.55% की गिरावट रही।निफ्टी के 50 में से 38 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट रही। ठरए के सभी सेक्टर्स ऊपर बंद हुए।

ऑटो इंडेक्स में 1.05%, मेटल में 0.94%, क्ळ में 1.02% और रियल्टी में 0.76% की तेजी रही।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 371 अंक ऊपर 37,531 और कोरिया का कोस्पी 52 अंक (2.02%) ऊपर 2,644 के स्तर पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 319 अंक (1.35%) गिरकर 23,282 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली गिरावट के बाद 3,346 पर बंद हुआ। 23 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 256 अंक गिरकर 41,603 पर, नैस्डेक कंपोजिट 188 अंक (1%) नीचे 18,737 पर और र&ढ 500 भी 39 अंक (0.67%) गिरकर 5,802 पर बंद हुआ।23 मई को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 1,794.59 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 299.78 करोड़ रुपए की खरीदारी की। मई महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 12,191.61 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 34,497.56 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी है। अप्रैल महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 2,735.02 करोड़ रुपए रही। घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ की नेट खरीदारी की।भारतीय लग्जरी होटल चेन 'द लीला' की पैरेंट कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड का क्ढड आज यानी 26 मई से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इसके लिए 28 मई 2025 तक बोली लगा सकते हैं। इस इश्यू के जरिए कंपनी 3,500 रुपए जुटाना चाहती है। इस क्ढड में कंपनी 2,500 करोड़ रुपए के 5.75 करोड़ नए शेयर इश्यू करेगी। 1,000 करोड़ रुपए कीमत के 2.30 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत रहेंगे।पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन यानी शुक्रवार, 23 मई को सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 243 अंक की तेजी रही, ये 24,853 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी, जबकि दो में गिरावट रही। जोमैटो, पावर ग्रिड, और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 3.5% तक की तेजी रही।

# सोना 800 रुपये गिरकर 98500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 1370 रुपये गिरकर एक लाख के नीचे

**नई दिल्ली।** वैश्विक अस्थिरता के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोना 800 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। जिससे चार दिनों से जारी तेजी थम गई।



अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 800 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले बाजार सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 1,370 रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सफेद धातु 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 45.03 डॉलर प्रति औंस या 1.35 प्रतिशत घटकर 3,296.92 डॉलर प्रति औंस रह गया। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में तेजी लाने के लिए ब्रुसेल्स दबाव बना रहा है। जिसकी वजह से सुरक्षित संपत्तियों की मांग में गिरावट आई और सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है।

उन्होंने कहा कि टैरिफ और महंगाई की चिंताओं के बीच निवेशक अब अमेरिकी ड्यूरेबल गुड्स ऑर्डर और उपभोक्ता विश्वास डेटा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इन आंकड़ों से आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में उन्हें अधिक जानकारी मिलेगी।



भाजपा के बैजयंत पांडा के नेतृत्व में बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता कुवैत में पारंपरिक दीवानिया शैली में कुवैती नागरिक समाज के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए।

### प्रदेश में आठ दिन पहले आ सकता है मानसून

# दक्षिणी हिस्से से होगी मानसून की एंट्री

## इस बार 38-39 इंच बारिश की उम्मीद

संवाददाता ● भोपाल

इस बार मध्यप्रदेश में मानसून की दस्तक 8 से 10 दिन पहले हो सकती है। कल मानसून महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे समेत कई शहरों में 15 दिन पहले ही पहुंच गया। इधर, आज मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एमपी समेत देश में होने वाली बारिश को लेकर पूर्वानुमान भी जारी करेंगे। अप्रैल में इस सीजन 38 से 39 इंच बारिश होने की उम्मीद जताई गई थी। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ने मुंबई, पुणे, कलबुर्गी, महबूबनगर, कावली समेत अमरतला, गोलपारा में दस्तक दे दी। यहां मानसून के आने की सामान्य तारीख 10 जून तक है। मानसून की रफ्तार अभी ठीक है। यही रफ्तार रहती है तो मध्यप्रदेश में मानसून 4 से 7 जून तक आ सकता है। बता दें कि प्रदेश में मानसून के आमद की सामान्य तारीख 15 जून है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से यह 18 से 22 जून के बीच ही पहुंच रहा है। पिछले साल यानी 2024 में मानसून की 21 जून को एंट्री हुई थी। यह 6 दिन देरी से प्रदेश में पहुंचा था। इस बार जून के शुरुआत में ही मानसून के एंटर होने की उम्मीद है।

**मानसून**

**नई दिल्ली से जारी होगा मानसून का फोर कास्ट**

आज शाम को नई दिल्ली से मौसम विभाग मानसून का फोर कास्ट जारी करेगा। इस दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर पूर्वानुमान जारी किया जाएगा। एमओएस सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन और डीजीएम आईएमडी डॉ. एम. महापात्रा मानसून के बारे में बताएंगे।



**दक्षिणी हिस्से से होगी मानसून की एंट्री**

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी मंडला, सिवनी, डिंडौरी, बालाघाट, अनूपपुर, बुरहानपुर, पांढुर्णा, बैतूल, बड़वानी के रास्ते से मानसून दस्तक देगा। ग्वालियर-चंबल में सबसे लेट 25 जून तक पहुंचेगा। भोपाल, इंदौर में यह 20 से 22 जून के बीच आ सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर जिले में प्रवेश किया था। इस बार भी इन्हीं जिलों से मानसून के आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि इस बार मानसून ने 8 दिन पहले ही देश में दस्तक दी है। इससे पहले 2009 को भी मानसून 23 मई को पहुंच गया था। फिलहाल मानसून के आगे बढ़ने की स्थिति ठीक है। मध्यप्रदेश में इस बार भी समय से दस्तक देने की स्थिति बन रही है।

**बारिश के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद**

प्रदेश में इस बार मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है। अनुमान के मुताबिक 104 से 106% यानी औसत 38-39 इंच बारिश हो सकती है। जबलपुर-शहडोल संभाग में सबसे ज्यादा पानी गिरेगा। ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग में भी कोटा फुल हो सकता है। साल 2023 में प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई थी, लेकिन 2024 में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 44 जिलों में कोटे से ज्यादा बारिश हुई थी। नतीजा ये रहा है कि सोयाबीन का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 2 क्विंटल तक बढ़ गया था। वहीं, गेहूं-चने के लिए भी पानी पर्याप्त गिरा था। मई के आखिरी में मौसम विभाग एक और अपडेट जारी करेगा।

## शॉट न्यूज

### भाई की हत्या करने वाले का कबूल नामा

**भोपाल**। छोटा भाई विवेक नशे की लत में पढ़ चुका था। शराब पीता था, पिता के साथ बदसलूकी करता था। उन पर हाथ भी उठा चुका था। जो कुछ भी पैसा कमाता था, शराब में उड़ा दिया करता था। मैं समझाता तो मुझ से बदसलूकी करता था। छोटी-छोटी बातों पर विवाद कर धमकाता था। गुस्से में आपे से बाहर हो जाता था। जो कुछ हाथ में आता था उसी से पीटता था। यहां तक की मर चुकी मां तक को गालियां देता था। कई बार उसकी थाने में शिकायत की, बाद में स्वयं अफसोस होता कि भाई थाने में बैठा तो पिता और मैं ही उसे छुड़ाने भी जाते थे। लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आता था। मेरे नए कपड़े और जूतों को बिना पूछे पहन लिया करता था। वारदात की रात बिन पूछे मेरे नए कपड़े पहनने की बात पर विवाद हुआ। मैं उसे मारना नहीं चाहता था लेकिन गर्दन में गहरा चाकू लगने बाद वह तड़पने लगा।

### देर रात रेलवे ट्रैक पर मिले दो शव

**ग्वालियर**। ग्वालियर में सोमवार की रात 10.30 बजे रेलवे लाइन पर दो शव पड़े मिले। महिला-पुरुष के शव 10 से 15 फीट की दूरी पर क्षतविक्षत पड़े मिले हैं। दोनों की मौत ट्रेन की चपेट में आकर हुई है। घटना महाराजपुरा के महू-जमार गांव के ईंट-भट्टे के पास की है। पुलिस को स्पॉट से एक मोबाइल भी मिला है, जिसे पुलिस ने निगरानी में लिया है। रात 11 बजे महिला और पुरुष के शवों की शिनाख्त हो गई है। दोनों में आपस में कोई रिश्तेदारी नहीं है। महिला के पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। दोनों के बीच में क्या संबंध है। दोनों एक साथ ट्रेन की चपेट में आए हैं या फिर यह सामूहिक खुदकुशी है। पुलिस यह सवाल पुलिस के लिए पहेली बने हुए हैं। पुलिस ने शवों को निगरानी में लेकर मॉर्चुरी में रखवा दिए हैं। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

### सौंसा में 2 बाइक की भिड़ंत, 1 की मौत

**ग्वालियर**। ग्वालियर में बाइक सवार भाई-बहन को सामने से आ रही बिना नंबर की बाइक ने तेज टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक पर सवार तीनों भाई बहन सिर के बल उछलकर सड़क पर गिरे और गंभीर घायल हो गए थे। घटना सोमवार को उटीला के सौंसा में हुआ था। घायलों को पुलिस ने तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाया था, जहां बड़े भाई को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि छोटा भाई और बहन घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। ग्वालियर के हस्तिनापुर निवासी 29 वर्षीय गोलू उर्फ रोहित शर्मा सोमवार को अपने पुश्तैनी घर से शहर में कोटेश्वर मंदिर के पास दूसरे घर जाने के लिए रवाना हुआ था। उसके साथ बाइक पर छोटा भाई सौरभ शर्मा और बहन सलोनी शर्मा सवार थे।

## स्कूल को बना डाला 'प्याज का गोदाम'

### वीडियो वायरल होने पर डीएम ने प्राचार्य को किया निलंबित



संवाददाता ● रीवा

प्रदेश के रीवा जिले के शासकीय पाठशाला की वीडियो वायरल हो रही है। वीडियो में स्कूल के अंदर प्याज भरी हुई बोरियां रखीं दिखाई देती हैं। प्राचार्य की लापरवाही के चलते प्याज का गोदाम बन चुके स्कूल की वीडियो सोशल मीडिया पर फैली तो जिला कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव में एक्शन लिया। डीएम ने स्कूल के प्राचार्य को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। पूरा मामला रीवा जिले के गोविंदगढ़ स्थित ओढ़की खुर्द शासकीय प्राथमिक पाठशाला का है, जहां छुट्टियों के चलते स्कूल पूरी तरह से खाली है। ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद अब 15 जून से स्कूल फिर से खुलेंगे। मगर यहां पर पदस्थ हेडमास्टर नरेन्द्र पाण्डेय की लापरवाही के चलते स्कूल को प्याज का गोदाम बना दिया गया। इस बात की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो वो आक्रोशित हो गए, ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया और कलेक्टर को शिकायती पत्र लिखकर स्कूल प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्कूल के अंदर प्याज की बोरियां रखी होने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के संज्ञान में वीडियो आया तो वो भी हेडमास्टर की इस करतूत को देखकर हैरान हो गई।

**मामला**

मामले की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने संज्ञान लेते हुए स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र पांडेय को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और मामले की जांच कराई जा रही है। हालांकि कुछ लापरवाहों की वजह से इस तरह के मामले लगातार सामने आते हैं और शिक्षा का मंदिर बदनाम हो जाता है। आक्रोशित गांव वालों ने कहा कि कहीं शिक्षा के मंदिर को तबेला बना दिया जाता है तो कहीं प्याज का गोदाम। स्कूल एक शिक्षा का मंदिर है जहां छात्रों का भविष्य सुधारा जाता है, लेकिन जिनके ऊपर शिक्षा का स्तर सुधारने की जिम्मेदारी हो जब वही लापरवाही पर उतारु हो तो वो छात्रों का भविष्य क्या सुधारेगा।

## 80 हजार रुपए नहीं दिए तो वीडियो वायरल किया

**मंदसौर**। नेशनल हाईवे पर अश्लील हरकत करने वाले मंदसौर में भाजपा नेता मनोहर धाकड़ को गिरफ्तारी के एक दिन बाद ही जमानत मिल गई है। जिसके बाद कल शाम को वह गरोठ उपजेल से रिहा हो गए। इधर, 8 लेन एक्सप्रेस वे के हाई सिक्योरिटी कैमरे में कैद भाजपा नेता मनोहर धाकड़ का वीडियो वायरल करने के मामले में तीन कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप पाटीदार ने बताया कि यह तीनों एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के कर्मचारी थे। संदीप पाटीदार ने बताया कि हमारी ओर से वीडियो वायरल के संबंध में एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को सूचना दी गई थी। जिसके बाद एमकेसी कंपनी ने तीनों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। 13 मई की रात यही तीनों ड्यूटी पर तैनात थे। लापरवाही बरतने के आरोप में इन्हें बर्खास्त किया गया है। NHAI के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप पाटीदार ने बताया- तीनों प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी हैं। हमने कंपनी को नोटिस दिया था। इसके बाद कंपनी ने उन्हें टर्मिनेट कर दिया है। इस बारे में पुलिस को सूचना दी है। जांच में पुलिस को पूरा सहयोग किया जा रहा है। आरोपी भाजपा नेता मनोहर धाकड़ ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि नीमथुर पॉइंट के पास हमारी कार को एनएचएआई के 6 से 8 कर्मचारियों ने आकर घेर लिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे। उन्होंने 1 लाख रुपए की डिमांड की। मेरे पास 20 हजार नकद थे, जो मैंने उन्हें दे दिए। बाकी के 80 हजार रुपए को लेकर उनमें से किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। सूत्रों के अनुसार, एलईडी स्क्रीन से मोबाइल के जरिए वीडियो रिकॉर्ड कर वायरल किए गए थे। इन वीडियो की आवाजों की पहचान के आधार पर तीनों कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है।

**मंदसौर में 3 कर्मचारी बर्खास्त**

## लिज्जत के उत्पादों का लाजवाब स्वाद बहनों की मेहनत का परिणाम : सीएम



संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लिज्जत पापड़ जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड को स्थापित कर महिला सशक्तिकरण एवं संगठन की शक्ति की मिसाल पेश कर रही बहनों से श्री महिला गृह उद्योग के लिज्जत पापड़ भवन जबलपुर में आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छोटे से गृह उद्योग से देश का प्रतिष्ठित ब्रांड बनने की यात्रा में ढाई हजार से अधिक बहनों को आ र्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लिज्जत परिवार को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लिज्जत का यह भवन श्रम का मंदिर हैं। इस मंदिर में काम करके आशीर्वाद मिलता हैं। उन्होंने कहा कि श्री महिला गृह उद्योग की बहनों की मेहनत ही लिज्जत के उत्पादों के स्वाद को लाजवाब बनाता हैं। लिज्जत के देश-विदेश में विख्यात होने का कारण भी बहनों की मेहनत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ श्री महिला गृह उद्योग के भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री महिला गृह उद्योग को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला, युवा, गरीब एवं किसानों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंहपुर में हुए किसान उद्योग समागम कार्यक्रम का उल्लेख करते हुऐ बताया कि प्रदेश सरकर किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद-बीज एवं उन्नत कृषि उपकरण उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन को बढ़ाने और कृषि उत्पाद को बाजार में बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार के सृजन के लिए फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सरकार और समाज की भागीदारी से महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। आज प्रदेश की अनेक महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर परिवार के लालन-पालन और समाज मे अपनी समान भागीदारी निभा रही है और वे समाज के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 31 मई को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर ऐसी ही महिलाओं के सम्मान में भोपाल में महिला महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं इसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप से शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री महिला गृह उद्योग की संचालक श्रीमती प्रक्षा ओसवाल सहित समिति की बहनों को गृह उद्योग के आगामी उत्पादों एवं योजनाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने प्रतिकात्मक रूप से समिति की महिला सदस्यों को लाभांश का वितरण किया।

## गर्दन धड़ से अलग, उछलकर 80 फीट दूर गिरी

### धार में स्कॉर्पियो ने बाइकसवारों को टक्कर मारी, दो युवकों की मौके पर मौत

संवाददाता ● बदनावर

धार जिले के बदनावर में स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। एक युवक की गर्दन धड़ से अलग होकर 80 फीट दूर जा गिरी। पॉलीथिन में लपेटकर दोनों के शवों को अस्पताल ले जाना पड़ा। घटना कल शाम 7 बजे बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर हुई। मृतकों में एक की पहचान दशरथ (30) के रूप में हुई। वह झगतीपाड़ा पुलिस चौकी सारंगी का रहने वाला था। वहीं जिस युवक की गर्दन कटी है, उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही एएसआई दिनेश सिसोदिया और आरक्षक विक्की कुशवाह मौके र पहुंचे। फोरलेन कंपनी की एंबुलेंस और 108 एंबुलेंस को भी बुलाया गया। दोनों शवों को बदनावर सिविल अस्पताल भेजा गया है। मंगलवार सुबह दोनों का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

**हादसा**



**जीजा बोले- साले के पास बाइक नहीं थी** - मृतक युवक दशरथ बड़नगर में अन्य परिजन के साथ मजदूरी करता था। वह अपने परिवार से मिलने जप्तीपाड़ा गांव के लिए निकला था। दशरथ के जीजा दितत्या ने बताया कि साले के पास बाइक नहीं थी। जिस युवक की मौत हुई वह उनकी पहचान का नही है। आशंका है कि दशरथ ने बड़नगर संगम चौराहे से किसी से लिफ्ट ली होगी।


### पचमढ़ी एरिया में लगेगी राजा भभूत सिंह की प्रतिमा

## पाइन फॉरेस्ट, ग्रैंड व्यू होटल कैम्पस या डोम में होगी सीएम कैबिनेट की बैठक

संवाददाता ● भोपाल

पचमढ़ी में तीन जून को होने वाली मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में पचमढ़ी के जागीरदार रहे राजा भभूत सिंह की स्मृति में सरकार उनकी प्रतिमा लगाने का फैसला कर सकती है। इसके साथ ही राजा भभूत सिंह की वीरगाथा को स्मरण करते हुए नर्मदांचल में उनकी स्मृति में किसी संस्थान का नाम भी उनके नाम पर रखने का फैसला हो सकता है। पचमढ़ी का एक गार्डन भी उनके नाम पर किए जाने की तैयारी है। बीजेपी सरकार ने नौ साल पहले मटकुली में राजा भभूत सिंह की प्रतिमा लगाने की तैयारी की थी लेकिन बाद में इस पर अमल नहीं हो पाया और अब मोहन सरकार इसे कार्यरूप में बदल सकती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसके पहले 25 दिसम्बर को पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह की स्मृति में कैबिनेट बैठक करने का फैसला किया था लेकिन बाद में प्रधानमंत्री के मध्यप्रदेश दौरे के चलते इसे टाल दिया गया था। अब 20 मई को इंदौर में लोकमाता अहिल्या देवी की स्मृति में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एक बार फिर पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह की स्मृति में कैबिनेट बैठक करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद स्थानीय प्रशासन ने कैबिनेट बैठक की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही राजा भभूत सिंह के इतिहास के बारे में भी जानकारी जुटाने का काम किया जा रहा है।

**बैठक**



**पाइन फॉरेस्ट या ग्रैंड व्यू होटल परिसर मे बैठक संभावित**

नर्मदापुरम प्रशासन द्वारा बैठक की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। पाइन फॉरेस्ट या फिर ग्रैंड व्यू होटल में से किसी एक जगह पर कैबिनेट बैठक की तैयारियां प्रस्तावित हैं। बताया जाता है कि अगर मौसम साफ रहा तो पाइन फॉरेस्ट में कैबिनेट हो सकती है जहां पिछली बार भी कैबिनेट हो चुकी है। इसके अलावा अगर मौसम गड़बड़ रहने की स्थिति रही तो ग्रैंड व्यू होटल परिसर के लॉन में बैठक की तैयारियां की जाएंगी। इसके लिए डोम बनाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा यहां बनाए गए राजभवन कैम्पस को भी विकल्प के रुप में शामिल किया गया है।

**छापामार कार्यशैली के कारण नर्मदांचल के शिवाजी कहे जाते थे भभूत सिंह**

अपनी छापामार युद्ध नीति के कारण ही भभूत सिंह नर्मदांचल के शिवाजी कहलाते हैं। भभूत सिंह को पकड़ने के लिए ही मद्रास इन्फेंटरी को बुलाना पड़ा था। भभूत सिंह अपनी सेना के साथ 1860 तक लगातार अंग्रेजों से सशस्त्र संघर्ष करते रहे। अंग्रेज पराजित होते रहे। दो साल के अथक प्रयासों के बाद अंग्रेजों ने भभूत सिंह को गिरफ्तार कर कैद कर लिया और 1860 में जबलपुर में मौत की सजा सुना कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

**जागीरदार परिवार में जन्मे थे भभूत सिंह**

इतिहासकारों के अनुसार पचमढ़ी जागीर के स्वामी ठाकुर अजीत सिंह के वंश में हर्राकोट राईखेड़ी शाखा के जागीरदार परिवार में राजा भभूत सिंह ने जन्म लिया था। पचमढ़ी में महादेव की चौरागढ़ पहाड़ियों में राजा भभूत सिंह के दादा ठाकुर मोहन सिंह ने 1819-20 में अंग्रेजों के विरुद्ध नागपुर के पराक्रमी पेशवा अप्पा साहेब भोंसले का कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया था। सीताबर्डी के युध्द में पेशवा अप्पा साहिब को अंग्रेजों ने अपमानजनक संधि के लिए विवश कर दिया था। वे भेष बदलकर नर्मदांचल में शक्ति संचय के लिए निकले थे।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...


# दीपिका पर भड़के डायरेक्टर

## फेमिनिज्म पर उठाया सवाल



साउथ सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'स्पिरिट' लोगों के बीच काफी चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म की लीड एक्ट्रेस के नाम की अनाउंसमेंट की गई है, जो कि तृप्ति डिमरी हैं। हालांकि, पहले इस फिल्म में दीपिका पादुकोण का नाम सामने आ रहा था, लेकिन इस फिल्म से एक्ट्रेस का पत्ता कट चुका है। इसी दौरान फिल्म के डायरेक्ट संदीप रेड्डी वांगा ने अपने एक्स पर इस मामले से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए किसी पर निशाना साधा है, लोग इस बेनाम शख्स को दीपिका कह रहे हैं। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल', 'कबीर सिंह' जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं। अब उनकी फिल्म 'स्पिरिट' के लिए लोग काफी बेसब्री से इंतजार में बैठे हुए हैं। हालांकि, फिल्म से अब दीपिका बाहर हो चुकी हैं, लेकिन डायरेक्टर ने बिना नाम लिए सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने ये पिंकविला में फिल्म की कहानी के बारे में बताए जाने के बाद पोस्ट किया है। संदीप ने इस पोस्ट में दीपिका के फेमिनिज्म पर भी सवाल किए हैं। साथ ही उन्होंने इसे गंदा पीआर गेम भी कहा है। संदीप ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि जब मैं एक्टर को स्टोरी नरेट करता हूं, तो मैं उस पर 100 फीसदी भरोसा किया था। उस दौरान हमारे बीच एक अनकहा एनडीए होता है, लेकिन ऐसा करके तुमने ये दिखा दिया कि तुम किस तरह के इंसान हो। अपने से यंग एक्टर्स को नीचा दिखाना और मेरी स्टोरी को लोगों के सामने लाना, क्या इसलिए आपका फेमिनिज्म खड़ा होता है। एक फिल्ममेकर के तौर पर मैं अपने काम के पीछे बहुत मेहनत करता हूं, फिल्ममेकिंग मेरे लिए सब कुछ है। तुम्हें ये कभी भी समझ नहीं आएगा। आगे उन्होंने लिखा, ऐसा करो, अगली बार पूरी कहानी बोलना, क्योंकि मुझे जरा सा भी फर्क नहीं पड़ता है, मुझे ये कहावत बहुत पसंद है कि खुंदक में बिल्ली खंभा नोचे। पिंकविला की रिपोर्ट की बात करें, तो उसमें बताया गया था कि 'स्पिरिट' की स्टोरी एक तेलुगु एंटरटेनर है। इस फिल्म में कई हीरोइक मोमेंट्स होने वाले हैं, लेकिन फिल्ममेकर इस फिल्म में A रेटेड चीजें भी दिखाने वाले हैं।

# 10 साल में इतनी ग्लैमरस हो गई बजरंगी भाईजान की 'पाकिस्तानी मुन्नी'



बॉलीवुड में हर साल कई छोटी बच्चियां एक्टिंग की दुनिया में कदम रखती हैं। कुछ पहचान बनाने में कामयाब रहती हैं, तो कुछ के बारे में कोई नहीं जान पाता। ऐसी ही एक बच्ची साल 2015 में लोगों की नजरों में आई। जब सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' रिलीज हुई थी। जिसे लोग आज भी मुन्नी कहकर बुलाते हैं। सलमान खान की 900 करोड़ कमाने वाली इस फिल्म में उनका और पाकिस्तान से आई मुन्नी का एक खास रिश्ता दिखा। जिसका घर ढूंढने के लिए वो पड़ोसी मुल्क चले जाते हैं। और क्योंकि मुन्नी कुछ बोल नहीं सकती, तो कहानी में एक इमोशनल एंगल भी दिखा। हालांकि, जब फिल्म आई थी, उस वक्त हर्षाली सिर्फ 7 साल की थी। 10 साल बाद हर्षाली मल्होत्रा बेहद बदल चुकी हैं। 16 साल की एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर एक से बढ़कर ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती हैं। खास बात यह है कि वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3.17 मिलियन फॉलोअर्स हैं। हर्षाली मल्होत्रा इस वक्त पढ़ाई कर रही हैं। बीते साल ही उन्होंने 10वीं क्लास पास की है। एक्ट्रेस के 10वीं के एग्जाम में 83 पर्सेंट मार्क्स आए थे। पढ़ाई के साथ ही वो कत्थक की क्लास भी लेती हैं। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हालांकि, बजरंगी भाईजान की मुन्नी पहले भी कई टीवी शोज में काम कर चुकी हैं। 'कुबूल है', 'लौट आओ त्रिशा' समेत 'सावधान इंडिया' में भी हर्षाली ने काम किया था। लेकिन सलमान खान की फिल्म से रातों रात फेम मिल गया। दरअसल हर्षाली मल्होत्रा को कटरीना कैफ की फिल्म में रोल ऑफर हो चुका है। लेकिन उनकी मम्मी ने उसे रिजेक्ट कर दिया था। फिल्म 'फितूर' में हर्षाली को कटरीना कैफ के बचपन का रोल करना था। लेकिन उनकी मम्मी इस फैसले के हक में नहीं थीं। यहां तक कि हर्षाली मल्होत्रा साल 2015 में ही सलमान खान की एक बड़ी फिल्म ठुकरा चुकी हैं। जो है- प्रेम रतन धन पायो। इस फिल्म में भाईजान मुन्नी को लेना चाहते थे। उन्हें पिक्चर में स्वरा भास्कर के बचपन का किरदार निभाना था। लेकिन एक्ट्रेस की मम्मी का मानना था कि बजरंगी भाईजान के बाद वो नहीं चाहती हैं कि हर्षाली छोटे रोल करें।

# शादी को गैरकानूनी बताकर को-एक्टर के बच्चे की मां बनी थी एक्ट्रेस



बंगाली एक्ट्रेस नुसरत जहां अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी विवादों में रही हैं। पहले पति निखिल जैन के साथ अपनी शादी को गैरकानूनी बताकर को-एक्टर यश दासगुप्ता के बच्चे की मां बन गईं। अब एक्ट्रेस का ये रिश्ता एक बार फिर सुर्खियों में है। बंगाली एक्ट्रेस और टीएमसी लीडर नुसरत जहां अपने काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अभिनेत्री एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में नुसरत जहां ने इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया, जिसके बाद ऐसी चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि उनके और यश दासगुप्ता के बीच सब ठीक नहीं है। नुसरत ने 2022 में अपने बिजनेसमैन पति निखिल जैन से अलग होने के बाद को-एक्टर यश दासगुप्ता के साथ अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था। लेकिन, अब एक बार फिर नुसरत का रिश्ता चर्चा में है। नुसरत और यश का रिश्ता तनाव से गुजर रहा है। इसकी एक वजह ये भी है कि नुसरत को यश दासगुप्ता ने इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है, जबकि नुसरत अब भी यश को फॉलो कर रही हैं। यश का कहना है कि ये एक 'तकनीकि समस्या' है, जिसके चलते वह नुसरत को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी तरफ नुसरत के पोस्ट ने इन अफवाहों को और हवा दे दी है। नुसरत जहां ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें भगवद गीता का एक श्लोक है। इस पोस्ट के साथ नुसरत ने शांति और मुक्ति के लिए ईश्वर के सामने खुद को समर्पित करने की बात कही है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा- 'जो आपके वश में नहीं है उसके सामने समर्पण कर देना चाहिए।

# संदीप वांगा की 'स्पिरिट' में तृप्ति डिमरी की एंट्री



डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। दीपिका पादुकोण के प्रोजेक्ट से हटने के बाद, अब मेकर्स ने ऑफिशियली तृप्ति डिमरी के नाम की घोषणा कर दी है। एक्ट्रेस ने भी इस बात को अपने इंस्टाग्राम पर कंफर्म कर दिया है। फिल्म में शामिल किए जाने के बाद तृप्ति ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। इस जर्नी में शामिल करने के लिए बहुत आभारी हूं। शुक्रिया संदीप रेड्डी वांगा। आपके विजन का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।' तृप्ति संदीप रेड्डी के साथ इससे पहले 'एनिमल' में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म ने उन्हें देश भर में पॉपुलर कर दिया था। 'एनिमल' की वजह से उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिल गया था। यह पहली बार होगा जब तृप्ति डिमरी और प्रभास एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म की बात करें तो इस वक्त इसके प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है। जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। फिल्म को भूषण कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। बता दें कि पहले इस फिल्म की शूटिंग साल 2024 के आखिरी में होने वाली थी लेकिन दीपिका की प्रेग्नेंसी की वजह से शूटिंग टल गई थी। मां बनने के बाद अपने बिजी शेड्यूल के कारण दीपिका ने फिल्म करने मना कर दिया था। लेकिन संदीप को दीपिका ही चाहिए थीं इसलिए उन्होंने उनके हिसाब से शेड्यूल को बदला, जिसके बाद दीपिका ने फिल्म के लिए हामी भर दी थी। कुछ ही दिन पहले ये खबर आई थी कि 'स्पिरिट' के लिए दीपिका पादुकोण को 20 करोड़ रुपए की फीस दी गई है। दीपिका की तरफ आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्रॉफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलॉग न बोलने जैसी डिमांड रखी गई।

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नया ट्विस्ट

## धीरज धूपर नहीं, ये एक्टर बनेंगे अभिरा के 'बॉयफ्रेंड'!



स्टार प्लस के लोकप्रिय सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में हाल ही में आए 7 साल के लीप ने कहानी को पूरी तरह बदल दिया है। अभिरा और अरमान की राहें जुदा हो चुकी हैं, और अब दोनों के जीवन में नए चेहरों की एंट्री की खबरें सुर्खियों में हैं। जहां एक तरफ अरमान की जिंदगी में नई दोस्त आ चुकी है, वहीं अब अभिरा के जीवन में भी एक नए शख्स की एंट्री होने वाली है। पहले खबरें थीं कि 'कुंडली भाग्य' एक्टर धीरज धूपर इस किरदार को निभाएंगे, लेकिन अब लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, एक नया नाम सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के मेकर्स ने अभिरा के नए लव इंटरेस्ट के लिए धीरज धूपर को कास्ट करने का प्लान बदल लिया है। अब उनकी जगह पॉपुलर टीवी एक्टर राहुल शर्मा इस अहम भूमिका में नजर आएंगे। राहुल शर्मा अभिरा के बॉयफ्रेंड का किरदार निभाएंगे, जिसकी एंट्री से कहानी में नया मोड़ आने वाला है, हालांकि, इस किरदार को लेकर अभी ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आई हैं। लेकिन राजन शाही का ये शो राहुल शर्मा के करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। एक्टर राहुल शर्मा टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्हें इससे पहले 'भैरव एक रहस्य' और 'मिटेगी लक्ष्मण रेखा' जैसे शोज में देखा जा चुका है। राहुल के आने से शो में एक नई फ्रेशनेस आने की उम्मीद है।

# प्रभास की 500 करोड़ी 'स्पिरिट' के लिए तृप्ति डिमरी को मिले इतने पैसे!



प्रभास पूरी तरह से बॉक्स ऑफिस पर कब्जा करने की तैयारी कर चुके हैं। जल्द से जल्द काम निपटाकर अपनी फिल्मों को रिलीज के लिए लगवा देंगे। यूं तो इस साल अबतक कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। 'राजा साब' की रिलीज डेट को लेकर काफी कन्फ्यूजन बना हुआ है। लेकिन असली सुर्खियों में उनकी SPIRIT है, जिसके लिए हाल ही में एक्ट्रेस फाइनल की गई है। यूं तो संदीप रेड्डी वांगा ने पहले दीपिका पादुकोण को अप्रोच किया था, लेकिन काफी चीजों को लेकर बात नहीं बन पाई। ऐसे में तृप्ति डिमरी को फोन कर बात पक्की हो गई। पर एक्ट्रेस को फिल्म के लिए थोड़े ही पैसे मिले हैं। तृप्ति डिमरी को फिल्म में लेने के बाद से ही लोग दीपिका पादुकोण के एग्जिट की वजह जानना चाहते हैं। इसी बीच संदीप रेड्डी वांगा ने बिना नाम लिए एक ट्वीट किया है। साथ ही एक्ट्रेस को खूब खरी-खोटी सुनाई है। खैर, ऐसा कहा जा रहा था कि एक्ट्रेस ने फिल्म के लिए 20 करोड़ डिमांड की थी। लेकिन तृप्ति डिमरी तो बहुत सस्ते में ही राजी हो गईं। दरअसल प्रभास की स्पिरिट के लिए दीपिका पादुकोण ने काफी डिमांड रखी थी। लेकिन संदीप रेड्डी वांगा ने सबकुछ रिजेक्ट कर तृप्ति डिमरी को फाइनल किया। उन्होंने तुरंत एनिमल एक्ट्रेस का ऑफिशियली ऐलान कर दिया। दरअसल वांगा और तृप्ति पहले भी साथ में काम कर चुके हैं। दोनों की फिल्म एनिमल ने दुनियाभर से 900 करोड़ का कारोबार किया था। हालांकि तृप्ति की एंट्री से ज्यादा लोग खुश नहीं हैं। इसी बीच तेलुगु 360 पर एक रिपोर्ट छपी। इसके मुताबिक, एक्ट्रेस को फिल्म के लिए 4 करोड़ रुपये फीस मिली है। तृप्ति डिमरी को जैसे ही वांगा ने फिल्म का ऑफर दिया, वो तुरंत मान गईं। वहीं, 4 करोड़ में बात पक्की हुई है, तो दीपिका पादुकोण को भी राहत की सांस आई होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वो 20 करोड़ की डिमांड कर रही थी। लेकिन उनके हाथ से प्रोजेक्ट निकला भी, तो कुछ ज्यादा फीस नहीं मिली है। हालांकि, फिल्म के लिए अबतक दूसरे एक्टर्स को फाइनल नहीं किया गया है। जल्द ही उनके साथ टेक्नीशियन को भी फाइनल किया जाएगा। फिल्म का शूट इस साल चालू होगा, वहीं 2026 में इस फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा। इस पिक्चर में प्रभास कॉप के रोल में दिखने वाले हैं। यूं तो प्रभास के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। वहीं तृप्ति का शेड्यूल भी फुल है। बीते दिनों उनकी एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है।

# श्रेया घोषाल ने अपने मुंबई कॉन्सर्ट में सैनिकों को किया नमन

## सेना को दिल से धन्यवाद दिया



श्रेया घोषाल ने अपने मुंबई के म्यूजिकल कॉन्सर्ट में सैनिकों को नमन किया है। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की बहादुरी के लिए लोगों में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। भारतीय जांबाज सेना के जवानों ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस ऑपरेशन के तहत आतंकियों के अड्डों को तबाह करने वाली भारतीय सेना की जमकर तारीफ हुई है और वैश्विक पटल पर बहादुरी के किस्से सुनाए जा रहे हैं। ऐसे में बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल ने भी अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट में सैनिकों को नमन किया है। श्रेया घोषाल ने अपना कॉन्सर्ट ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ने की वजह से पोस्टपोन्ड कर दिया था। अपने ऑल हार्ट्स टूर के मुंबई चरण के दौरान श्रेया घोषाल ने भारतीय सशस्त्र बलों को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी, जिसने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया।

# श्रद्धा 'स्त्री 3' फिल्म में भी आएंगी नजर

श्रद्धा को आखिरी बार हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वहीं श्रद्धा 'स्त्री 3' फिल्म में नजर आएंगी, जो 13 अगस्त 2027 को रिलीज होगी। इसके अलावा, उनके पास 'चालबाज इन लंदन', 'नागिन' और 'केटीना' जैसी फिल्में भी हैं। इन दिनों श्रद्धा फिल्म 'तुम्बाड' के निर्देशक के साथ भी एक प्रोजेक्ट में कर रही हैं। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने कई तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। श्रद्धा पिंक रंग की ओपन शर्ट और ब्लैक कारगो में बेहद क्यूट दिख रही हैं। पहली तस्वीर में श्रद्धा अपने डॉगी को गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में श्रद्धा आम का मजा लेती नजर आ रही हैं। तीसरा एक वीडियो है, जो एक ऑटो का है, जिसमें श्रद्धा का डॉगी दिख रहा है। लास्ट वीडियो एक ब्लैक डॉगी का है, जिसे श्रद्धा खिलाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्रद्धा की कलाई पर एक टैटू जरूर नजर आ रहा है।

# आईपीएल के समापन समारोह के लिए बीसीसीआई ने की खास तैयारी, भारतीय सशस्त्र बलों का होगा सम्मान

एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है। बीसीसीआई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है।आईपीएल 2025 सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मंगलवार को होने वाला मुकाबला इस सीजन का आखिरी ग्रुप चरण का मैच होगा। इसके बाद गुरुवार से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फिर तीन जून को आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है।

बीसीसीआई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके ऑपरेशन सिंदूर ने वीरतापूर्ण प्रयास से राष्ट्र की रक्षा की और हमें प्रेरित किया। सम्मान के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है।




उन्होंने कहा, हमने भारतीय सेना के तीनों सेना प्रमुख, शीर्ष रैंक के अधिकारी और जवानों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आमंत्रित किया है।देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति को देखते हुए बीसीसीआई को उम्मीद है कि समापन समारोह एक सफल कार्यक्रम रहेगा। सैकिया ने कहा, भले ही क्रिकेट राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारे देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के दौरान सशस्त्र बलों को समर्पित कोई समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में बीसीसीआई ने चेन्नई में टूनामेंट के उद्घाटन समारोह के लिए सैन्य बैंड को आमंत्रित किया था और पुलवामा आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों के लिए 20 करोड़ रुपये का योगदान देने का भी संकल्प लिया था। मालूम हो कि पुलवामा हमले में 44 सीआरपीएफ जवान बलिदान हुए थे।

भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रभाव आईपीएल पर भी पड़ा था और टूनामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था। सीजफायर के बाद आईपीएल 17 मई से दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। तय कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल का फाइनल 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन बाद में संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ जिसके तहत फाइनल मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद में कराने का फैसला लिया गया।

# पंजाब क्वालिफायर-1 में पहुंची, मुंबई को सात विकेट से हराया; प्रियांश-इंग्लिश के अर्धशतक

एजेंसी ● जयपुर

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 187 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ पंजाब क्वालिफायर-1 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। जोश इंग्लिश और प्रियांश आर्या की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर क्वालिफायर-1 में प्रवेश कर लिया। अब दूसरी टीम का फैसला मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होगा। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 187 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



पंजाब किंग्स ने 10 साल बाद क्वालिफायर में प्रवेश किया है। इससे पहले टीम 2014 में क्वालिफायर में पहुंची थी। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम ने लीग चरण का समापन 14 मैचों में नौ जीत और चार शिकस्त के साथ किया। उसने गुजरात टाइटंस को धकेल कर 19 अंक और 0.372 के नेट रन रेट के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं, मुंबई आठ जीत और छह हार के साथ चौथे स्थान पर रही। फिलहाल तीसरे स्थान पर आरसीबी है जिसे मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच खेलना है। इस मैच में अगर रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली आरसीबी जीत दर्ज करती है तो वह दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी और पंजाब के खिलाफ 29 मई को क्वालिफायर-1 मैच खेलेगी।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब को पहला झटका 34 के स्कोर पर लगा था। जसप्रीत बुमराह ने प्रभसिमरन सिंह को पवेलियन की राह दिखाई। वह सिर्फ 13 रन बना पाए। हालांकि, पंजाब के बल्लेबाजों ने हार नहीं मानी और प्रियांश आर्या ने जोश इंग्लिश के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 109 रनों की विशाल साझेदारी हुई। दोनों ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर मुंबई के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। सलामी बल्लेबाज प्रियांश ने नौ चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, इंग्लिश ने 42 गेंदों में 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने टीम को जीत दिलाई। वह 16 गेंदों में 26 और नेहाल वढेरा दो रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए मिचेल सैंटनर ने दो और बुमराह ने एक विकेट लिया।प्रियांश आर्या 62 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने पवेलियन भेजा।

अब क्रीज पर कप्तान श्रेयस अय्यर आए हैं।प्रियांश आर्या और जोश इंग्लिश ने अर्धशतक पूरे कर लिए हैं और दोनों के बीच 90 से ज्यादा रनों की विशाल साझेदारी हो चुकी है। मुंबई को विकेट की तलाश है।प्रियांश आर्या और जोश इंग्लिश के बीच 40+ रन की साझेदारी हो चुकी है। मुंबई को दूसरे विकेट की तलाश है। आठ ओवर के बाद स्कोर 75/1 है।पंजाब को पहला झटका जसप्रीत बुमराह ने दिया। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 13 रन बना पाए। अब प्रियांश का साथ देने जोश इंग्लिश आए हैं।सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स के सामने 185 रनों का लक्ष्य रखा है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 184 रन बनाए। उनके लिए स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार ने सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली। वहीं, पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन और विजयकुमार विशाक ने दो-दो विकेट झटके। इसके अलावा हरप्रीत बराड़ को एक सफलता मिली।

इस मुकाबले में रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने मुंबई को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 45 रनों की साझेदारी हुई। मार्को यानसेन ने रिकेल्टन को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट कराया। वह 20 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए जबकि रोहित शर्मा 21 गेंदों में दौ चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूर्यकुमार यादव ने संभाला। एक छोर पर वह डटे रहे लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से बल्लेबाजों का कुछ खास साथ नहीं मिला। इसके बावजूद दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 34 गेंदों में सत्र का पांचवां अर्धशतक पूरा किया। वह 39 गेंदों में छह चौके और दो छक्के की मदद से 57 रन बनाकर लौटे। उनके अलावा मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने एक, विल जैक्स ने 26, हार्दिक पांड्या ने 26 और नमन धीर ने 20 रन बनाए। वहीं, मिचेल सैंटनर एक रन बनाकर नाबाद रहे।

## 'मुझे मौका देने के लिए धन्यवाद', डेवाल्ड ब्रेविस ने उरङ प्रबंधन के लिए जारी किया भावुक संदेश



एजेंसी ● नई दिल्ली

पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स का सफर आईपीएल 2025 में लीग चरण में ही समाप्त हो गया। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम ने अपना आखिरी मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला और शानदार जीत दर्ज की। चेन्नई के लिए इस सत्र में डेवाल्ड ब्रेविस ने शानदार प्रदर्शन किया। अब इस खिलाड़ी ने टीम प्रबंधन के लिए भावुक संदेश जारी किया है।

मंगलवार को ब्रेविस ने अपने इंस्टा अकाउंट से एक पोस्ट जारी किया। इसमें उन्होंने टीम प्रबंधन और साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद कहा। इसके अलावा अगले साल वापसी की उम्मीद भी जताई। उन्होंने लिखा- चेन्नई प्रबंधन, कोच और इसमें शामिल सभी लोगों का मुझ पर विश्वास करने और मुझे वह करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद जो मुझे पसंद है - क्रिकेट खेलना। पहले दिन से ही मेरा स्वागत करने के लिए मेरे साथियों का विशेष धन्यवाद। और भारत में हमारे सभी अविश्वसनीय प्रशंसकों का भी शुक्रिया। आप अद्भुत थे। चेपॉक में माहौल और समर्थन अविस्मरणीय था। मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही वापस आऊंगा।

ब्रेविस को फ्रेंचाइजी ने बीच सत्र में शामिल किया था। उन्हें गुरजपनीत सिंह की जगह टीम का हिस्सा बनाया गया था, जो चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए थे। दक्षिण अफ्रीका के स्टार ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहे थे, लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें बीच सत्र में 2.2 करोड़ रुपये में शामिल किया था। इससे पहले वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे, जिसके लिए उन्होंने कुल 10 मैच खेले। मौजूदा सत्र में ब्रेविस ने चेन्नई के लिए कुल छह मैच खेले। इनमें उन्होंने 180 के स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए। वह सीएसके के मध्यक्रम की रीढ़ की हड्डी साबित हुए।

## छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, 14 पदक जीतकर किया प्रदेश को गौरवान्वित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उभरते खिलाड़ियों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बिहार के विभिन्न शहरों पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में 4 से 15 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक अपने नाम किए। इन पदकों में 3 स्वर्ण, 1 रजत और 10 कांस्य शामिल हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत हर वर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। इस वर्ष इसमें 26 खेलों और 1 डेमो खेल को शामिल किया गया था। देशभर से हजारों युवा खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 135 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया, जिसमें 106 खिलाड़ी और 29 सपोर्ट स्टाफ शामिल थे। राज्य के खिलाड़ियों ने गतका, कलारीपट्ट, स्वीमिंग, बैडमिंटन, जुडो, रग्बी, फेसिंग, वेटलिफ्टिंग, थांगता, मलखंभ, कबड्डी, कुश्ती, बास्केटबॉल, शूटिंग और बॉक्सिंग जैसे 15 खेलों में अपना दमखम दिखाया। प्रदेश के 18 खिलाड़ियों ने 8 खेल विधाओं में पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।

## स्टीव वॉ ने वैभव सूर्यवंशी को दी खास सलाह, इस युवा बल्लेबाज से नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित करने कहा

एजेंसी ● नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। वैभव आईपीएल खेलने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं और उन्होंने अपने पहले ही सत्र में धमाल मचा दिया। वैभव की टीम भले ही इस सीजन प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, लेकिन वैभव के लिए यह सत्र यादगार रहा। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर स्टीव वॉ भी वैभव के कायल हो गए हैं, लेकिन उन्होंने इस युवा बल्लेबाज को नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया था जो टूनामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वैभव का चयन भारत की अंडर-19 टीम में भी हुआ है। वैभव को राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन की अनुपस्थिति में मौका मिला था और वह इसे भुनाने में सफल रहे थे। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे।उन्होंने कहा, 14 साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी। क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी। वैभव के पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।

भारत में हर नए बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है, लेकिन वॉ ने कहा कि वैभव या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिए क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती। वॉ ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है।

## चोट के कारण लगातार दूसरे मैच से बाहर युजवेंद्र चहल

**जयपुर।** आईपीएल 2025 का 69वां मैच पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में पंजाब के घातक स्पिनर युजवेंद्र चहल नहीं खेल रहे हैं। वह लगातार दूसरे मैच से बाहर हैं, लेकिन प्लेऑफ से पहले उनके फिट होने की उम्मीद है।युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपये में टीम का हिस्सा बनाया है। वह आईपीएल नीलामी के इतिहास के सबसे महंगे स्पिनर हैं। वह अंगुली में चोट के कारण लीग चरण के आखिरी मैच में नहीं खेल रहे हैं। इससे पहले वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने चहल की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, उनकी (चहल) अंगुली में चोट है लेकिन वह प्लेऑफ तक फिट हो जाएंगे।चहल की गैर मौजूदगी में हरप्रीत बराड़ पंजाब के मुख्य स्पिनर रहे। पंजाब की टीम 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंची है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स के सामने 185 रनों का लक्ष्य रखा है।

## 'रोहित-कोहली के लिए फिटनेस बरकरार रखना चुनौती

एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और वह वनडे में खेलना जारी रखेंगे। हालांकि, भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी अनिल कुंबले का कहना है कि दो प्रारूप को अलविदा कहने के बाद इन दोनों दिग्गज बल्लेबाजों के लिए फिटनेस बरकरार रखना चुनौती होगी जिससे वह वनडे क्रिकेट में खेल सकें। भारतीय टीम के कोच रह चुके कुंबले ने हालांकि, इस बात पर जोर दिया कि रोहित और कोहली को अपने शेष करियर का आनंद लेना चाहिए। रोहित और कोहली के वनडे भविष्य को लेकर भी चर्चा चल रही है और इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि ये दोनों बल्लेबाज इस प्रारूप में कब तक खेलना जारी रखेंगे। वनडे प्रारूप में अगला बड़ा टूनामेंट 2027 में विश्व कप है जिसमें अभी समय है। रोहित और कोहली इस साल हुए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल थे और उन्होंने भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में शानदार



बल्लेबाजी की थी, जबकि रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में 76 रन बनाए थे और वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। कुंबले ने कहा, वनडे के लिए तैयारी के मामले में सिर्फ वही करना आसान नहीं है जो उन्हें करना है। यह एक चुनौती होगी, चाहे आप कोई भी हों और आपने पिछले कुछ सालों में अपना करियर कितना भी अच्छा क्यों न बनाया हो। रोहित और कोहली चैंपियन खिलाड़ी हैं और उन्हें पता है कि क्या करना है। यह जरूरी है कि वे जब तक खेल रहे हैं अपने करियर का आनंद लें। आप प्रत्येक प्रदर्शन के बारे में विस्तार से जानेंगे कि उन्हें कैसा खेलना चाहिए था या वे कैसा खेल सकते थे।कुंबले ने कहा, सबसे जरूरी यह है कि रोहित-कोहली अपने शेष करियर का जश्न मनाएं। आदर्श स्थिति में ये दोनों 2027 वनडे विश्व कप तक खेल सकते हैं क्योंकि यही वो ट्रॉफी है जो इन्होंने साथ में नहीं जीती है। हमने देखा था कि 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने खिताब जीता था।

### अक्तूबर में सीमित ओवर की खेलने की सीरीज

भारत को ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर को सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। इस सीरीज में रोहित और कोहली खेलते दिख सकते हैं। कुंबले का कहना है कि 2023 विश्व कप फाइनल में हारने के बाद रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया में अपना प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा, रोहित और कोहली जो अन्य प्रारूप में नहीं खेल रहे हैं, वे दोनों ऑस्ट्रेलिया में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। मुझे यकीन है कि कई लोग इन्हें ऑस्ट्रेलिया में खेलते देखना पसंद करेंगे।

## सूर्यकुमार यादव ने तोड़ा तेंदुलकर का 15 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ● जयपुर

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्धशतकीय पारी के साथ महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह मुंबई के लिए एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के आखिरी लीग मैच में मुंबई के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 34 गेंदों में मौजूदा सत्र का पांचवां पचासा पूरा किया और 57 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस दौरान उन्होंने 39 गेंदों का सामना किया और छह चौके तथा दो छक्के ठोके। इस मुकाबले में दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 37 रन बनाते ही महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का 15 साल पुराना



रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह इस टीम के लिए आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 600 रनों का आंकड़ा छू लिया। 14 पारियों में 25 या उससे ज्यादा रन बनाकर सूर्यकुमार यादव ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने 14 पारियों में 25 या उससे ज्यादा रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस मामले में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा को पीछे छोड़ा जिन्होंने 13 बार 25 से ज्यादा रनों की पारी खेली।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 28 मई, 2025
www.adityabharat.com





सलेम, वेस्ट बैंक । कब्जे वाले वेस्ट बैंक के एक गांव में जैतून के बाग में आग लग गई, जब कथित तौर पर इजरायली निवासियों ने एलोन मोरेह की इजरायली बस्ती की सड़क के पास आग लगा दी।

## शॉट न्यूज

### 73 साल बाद सऊदी अरब में शराब बिकेगी, 2026 से लागू होंगे नए कानून

**रियाद**। कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे। ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (MBS) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। यह शराब सिर्फ कुछ लाइसेंस प्राप्त जगहों जैसे 5-स्टार होटल, लग्जरी रिसॉर्ट और खास विदेशी इलाकों में ही मिलेगी।

### दो इंजीनियरों की जान लेने की आरोपी डॉक्टर का सरेंडर

**कानपुर**। कानपुर में सिर पर बाल उगाने के नाम पर दो इंजीनियरों की जान लेने की आरोपी महिला डॉक्टर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनुष्का तिवारी 18 दिन से फरार थी। उसकी तलाश में यूपी-बिहार और दिल्ली समेत कई राज्यों में पुलिस छापेमारी कर रही थी। अनुष्का तिवारी ने इंजीनियर विनीत दुबे और मयंक कटियार का हेयर ट्रांसप्लांट किया था। ट्रांसप्लांट के कुछ ही घंटों के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई थी। दोनों का चेहरा सूज गया था और 24 घंटे में दोनों इंजीनियरों ने दम तोड़ दिया था। मामला तब सुर्खियों में आया, जब विनीत दुबे की पत्नी ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद पुलिस अफसर एक्टिव हुए और डॉक्टर अनुष्का के खिलाफ FIR दर्ज की गई। डॉ. अनुष्का तिवारी ने सोमवार को पुलिस को चकमा देते हुए सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) सूरज मिश्रा की कोर्ट में सरेंडर किया।

### लिवरपूल की जीत पर 10 लाख लोगों ने परेड निकाली थी; पुलिस बोली- आतंकी हमला

# ब्रिटेन में फुटबॉल फैन्स को कार ने कुचला, 47 घायल

**एजेंसी ● लंदन**

ब्रिटेन के लिवरपूल शहर में एक शख्स ने कार से कई फुटबाल फैन्स को कुचल दिया। हादसे में 47 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 27 को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है, जबकि 20 का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।

**घटना**

ये फैन्स लिवरपूल फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग में जीत पर विक्ट्री परेड निकाल रहे थे। लोकल पुलिस के मुताबिक, कल शाम स्थानीय समयानुसार करीब 6 बजे वाटर स्ट्रीट पर एक कार ने कई पैदल यात्रियों को टक्कर मारी। 53 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस परेड में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे।




### प्रधानमंत्री ने हादसे को चौंकाने वाला बताया

वरपूल रिवरसाइड की सांसद किम जॉनसन ने कहा- मुझे पूरी उम्मीद है कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग सुरक्षित होंगे और जल्द ही अपने परिवार के पास घर पहुंचेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना को चौंकाने वाला बताया। उन्होंने कहा- लिवरपूल की तस्वीरें भयानक हैं। मेरी संवेदनाएं घायलों के साथ हैं। मुझे घटना की पूरी जानकारी दी जा रही है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि पुलिस को जांच के लिए जरूरी समय और जगह दें। लिवरपूल फुटबॉल क्लब क्लब के एक प्रवक्ता ने कहा- हम पुलिस के संपर्क में हैं। आज शाम ट्रॉफी परेड दौरान वाटर स्ट्रीट पर हुई घटना के बारे में जानकारी दे रहे हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी के साथ हैं जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं।

**पुलिस बोली- आरोपी गोरा आदमी :** लोकल पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि आरोपी लिवरपूल इलाके में रहने वाला एक गोरा आदमी है। हम लोगों से अपील करते हैं कि घटना के बारे में अटकलें न लगाएं। पुलिस ने लोगों से परेशान करने वाले वीडियो या तस्वीरें ऑनलाइन शेयर न करने की अपील की है।

# भारत से बातचीत के लिए तैयार पाकिस्तीनी पीएम

**एजेंसी ● तेहरान**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कल उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे। शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। शरीफ ने कहा कि हम



शांति चाहते हैं और इसके लिए बातचीत को तैयार है। हम कश्मीर समेत अपने सभी मुद्दों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव के मुताबिक हल करेंगे। हम अपने पड़ोसी के साथ सिंधु नदी से जुड़े मुद्दों पर शांति से बात करने के लिए तैयार हैं। हम व्यापार को बढ़ावा देने और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भी बात करने को तैयार हैं, बशर्ते वे (भारत) गंभीर हों। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शरीफ ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई को भी भारत के साथ हाल के संघर्ष के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा चाहता है कि क्षेत्र में शांति बनी रहे, जिससे आर्थिक विकास हो।

### अब एक और वर्ग सड़कों पर सेना और नेता पहले ही खफा

# मोहम्मद यूनुस सरकार पर घिरते जा रहे बादल

**ढाका ● एजेंसी**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के खिलाफ भड़का लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सोमवार को बांग्लादेश के स्कूल टीचरों ने भी सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया। पहले से ही तमाम विभागों के सरकारी कर्मचारी

**आंदोलन**

अंतरिम सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। 84 साल के नोबेल विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस को बीते साल ही शेख हसीना की सत्ता से बेदखली के बाद कमान मिली थी। उनकी लीडरशिप में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं और शेख मुजीबुर रहमान के दौर की बहुत सी चीजों को अब खत्म कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि उनके दौर में इस्लामिक चरमपंथी मजबूत हुए हैं। हिंदू समुदाय भी



टारगेट पर रहा है। 17 करोड़ की आबादी वाले बांग्लादेश में शेख हसीना की विदाई के बाद से लगातार चुनाव की मांग होती रही है, लेकिन अंतरिम सरकार की ओर से इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। फिलहाल देश की नौकरशाही, स्कूल टीचर, राजनीतिक दल और यहां तक कि सेना भी उसके खिलाफ है। इन सभी का कहना है कि मोहम्मद यूनुस का अंतरिम शासन देश में लोकतंत्र बहाली में नाकाम रहा है। दरअसल रविवार को अंतरिम सरकार की ओर से एक आदेश पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन मंत्रालय को दिया गया था कि यदि कोई कर्मचारी नियम का उल्लंघन करता है तो उसे बिना देरी किए नौकरी से हटा दिया जाए।

इसके खिलाफ पूरे बांग्लादेश की नौकरशाही भड़की हुई है। सरकारी कर्मचारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे वापस लेने की मांग की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि यह फैसला दमनात्मक है। इसके अलावा कल हजारों टीचर भी अनिश्चितकाल के लिए अवकाश पर चले गए हैं। इन लोगों की डिमांड है कि उनकी सैलरी में इजाफा किया जाए। इससे पहले देश के नेशनल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के कर्मचारियों ने विभाग खत्म किए जाने के खिलाफ आंदोलन किया था। उनके प्रदर्शन के बाद सरकार ने पुराने फैसले को पलट दिया, जिसके तहत विभाग को खत्म कर उसके बदले में दो अन्य डिविजन शुरू करने की तैयारी थी।बीते सप्ताह यूनुस ने इस्तीफे तक की बात कही, बिगड़ते जा रहे हालातदरअसल बीते सप्ताह से बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के भी हालात हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)